नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020



# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी



◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 258 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, बुधवार 27 जुलाई 2022



पेज -3 पर
दीपक तिवारी अधिवक्ता पूर्व सचिव उमंग उत्साह के साथ केक ...



धान खरीदी का झूठा क्रेडिट ले रही भूपेश सरकार- ओपी चौधरी
पेज -8 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


## छत्तीसगढ़ विधानसभा में वेतन संशोधन विधेयक पास

### सीएम, कैबिनेट मंत्री और विधायकों को अब इतनी मिलेगी सैलरी

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा के मॉनसून सत्र के पांचवें दिन मुख्यमंत्री, मंत्रियों, विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व विधायकों के वेतन बढ़ाने संबंधी 4 अलग-अलग विधेयक सर्वसम्मति से पारित हो गया। विधायकों व मंत्रियों को अब बढ़ी हुई सैलरी मिलेगी।





विधानसभा में वेतन वृद्धि पर सत्ता पक्ष और विपक्ष की सहमति देखने को मिली। प्रस्ताव पास होने के बाद मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्रियों, संसदीय सचिवों, विधानसभा अध्यक्ष, विधानसभा उपाध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष सहित विधायकों का वेतन बढ़ गया है। वेतन और भत्तों में वृद्धि से राज्य के खजाने पर सालाना लगभग 6.81 करोड़ रुपये का बोझ पड़ने की संभावना है।

बता दें कि 14 जुलाई को भूपेश बघेल कैबिनेट की बैठक में विधायकों व मंत्रियों का वेतन बढ़ाए जाने पर फैसला लिया गया था। छत्तीसगढ़ विधानसभा के मॉनसून सत्र के तीसरे दिन इस विधेयक को सदन में प्रस्तुत किया गया। विधानसभा ने मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष एवं विधायकों के वेतन एवं भत्ता संशोधन विधेयक 2022 और छत्तीसगढ़ के मंत्री (वेतन तथा भत्ता) अधिनियम, 1972 में संशोधन विधेयक, 2022 के प्रस्ताव को पास किया गया। विधानसभा में वेतन भत्ता संबंधित संशोधन अधिनियम पारित होने के बाद अब विधायकों और मंत्रियों को बढ़ा हुआ वेतन मिलेगा।

### सीएम, मंत्री व विधायकों को कितना बढ़ा वेतन

विधेयक के अनुसार, मुख्यमंत्री का वेतन वृद्धि के बाद मौजूदा 1.35 लाख रुपये से 2.05 लाख रुपये प्रति माह होगा, जबकि मंत्रियों को मौजूदा 1.30 लाख रुपये से 1.90 लाख रुपये मिलेंगे। सीएम का मूल वेतन 35,000 रुपये प्रति माह से बढ़ाकर 50,000 रुपये प्रति माह किया गया है। छत्तीसगढ़ कैबिनेट में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत 13 मंत्री हैं। विधानसभा अध्यक्ष का वेतन 1.32 लाख रुपये प्रति माह से बढ़ाकर 1.95 लाख रुपये होगा, जबकि उपाध्यक्ष का वेतन 1.28 लाख रुपये से 1.80 लाख रुपये होगा। नेता प्रतिपक्ष को 1.30 लाख रुपये से 1.90 लाख प्रतिमाह मिलेंगे। 15 संसदीय सचिवों को 1.21 लाख रुपये की जगह प्रति माह 1.75 लाख रुपये मिलेंगे। विधायक का वेतन अब 1.10 लाख रुपये से 1.60 लाख रुपये प्रति माह होगा।

महिला की मौत के बाद शव दफनाने में बवाल

## लोगों ने कहा-ये ईसाई है, हिंदू श्मशान घाट में नहीं देंगे जगह, दोनों पक्षों में हुई धक्का-मुक्की

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में एक बुजुर्ग महिला के शव दफनाने को लेकर दो पक्षों में जबरदस्त विवाद हुआ है। मृत महिला ईसाई धर्म की होने की वजह से गांव के ग्रामीणों ने श्मशान घाट में जगह देने से मना कर दिया। शव लेकर जा रहे परिवार के सदस्यों और ग्रामीणों के बीच धक्का-मुक्की तक हो गई। हालांकि, पुलिस के हस्तक्षेप के बाद निजी जमीन में शव दफनाया गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि महिला के परिवार ने धर्मांतरण किया है। हम हिंदू श्मशान घाट में जगह नहीं देंगे। मामला दरभा थाना क्षेत्र का है।



दरअसल, यह पूरा मामला जिले के नागलरास गांव का है। मृत महिला के परिवार के सदस्य पांडुराम ने बताया कि, उसकी दादी की मौत हो गई। सुबह वे शव को लेकर श्मशान घाट की ओर रवाना हुए थे, इसी बीच गांव के ही कुछ लोग पहुंचकर धक्का-मुक्की करने लगे और शव को दफनाने के लिए रोकने लगे। करीब 2 से ढ़ाई घंटे तक विवाद चलता रहा। जब शव दफनाने नहीं दिया गया तो परिजन शव को गांव में बने वनोपज जांच नाका के पास में रख दिए।

जिसके बाद पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। कुछ देर बाद जवान पहुंच गए, जिन्होंने दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की। लेकिन, जब बात नहीं बनी तो महिला के परिजनों से उनकी निजी जमीन के बारे में पूछा गया। परिवार के सदस्यों ने गांव में जमीन होने की बात कही। जिसके बाद निजी जमीन में ही महिला के शव को दफनाया गया। इसके बाद मामला शांत हुआ है।

## एक नजर

### पिकअप और ट्रक की टक्कर में हुई थी टक्कर, 4 की गालत गंभीर



**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ में जगदलपुर-बीजापुर नेशनल हाईवे 163 पर मंगलवार को ट्रक और पिकअप के बीच टक्कर हो गई। हादसे में पिकअप में सवार 13 लोग घायल हो गए हैं। इनमें से 4 की हालत गंभीर बताई जा रहे है। सभी घायलों का दंतेवाड़ा जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। हालांकि, 4 लोगों की हालत गंभीर है, जिन्हें मेकाज रेफर किया गया है। ये सभी घायल बिहार के रहने वाले हैं। मामला गीदम थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, पिकअप वाहन में सवार होकर 13 लोग जगदलपुर की तरफ से बीजापुर जा रहे थे, वहीं विपरीत दिशा से लोएस्ट भरकर ट्रक जगदलपुर की तरफ जा रहा था। इसी बीच बंजारी घाट के पहले मोड में ही पिकअप अनियंत्रित होकर ट्रक से जा टकराई। हादसा इतना जबरदस्त था कि पिकअप में सवार लोग बाहर फेंका गए। सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं इस मार्ग से गुजर रहे लोगों ने हादसे की जानकारी एंबुलेंस 108 और गीदम थाना के जवानों को दी।

पूर्व मंत्री को उठा ले गई पुलिस, जमकर बवाल

## बीजेपी नेताओं के साथ विधानसभा घेराव के लिए निकले थे मूणत, डीएसपी से भिड़े प्रदर्शनकारी, 500 कार्यकर्ता गिरफ्तार

रायपुर। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा का घेराव किया। इस विरोध प्रदर्शन में पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, राजेश मूणत, भाजपा जिला और प्रदेश संगठन स्तर के तमाम नेता शामिल हुए। बड़ी तादाद में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भी सड़क पर सियासी हंगामा करते दिखे।





मंगलवार की दोपहर सभी कार्यकर्ता और नेता पंडरी मेन रोड के पास जीवन बीमा कार्यालय के करीब जमा हुए। ये सभी प्रदेश में बढ़ते अपराध को लेकर विरोध जताने विधानसभा घेराव करने निकले थे। पुलिस ने पहले से ही कुछ दूरी पर बैरिकेडिंग कर रखी थी। जैसे ही भाजपा के नेता विधानसभा का घेराव करने आगे बढ़े। पुलिस के साथ झूमाझटकी शुरू हो गई। धक्का-मुक्की करते हुए नेता आगे बढ़े। 12 फीट ऊंचे बैरिकेड को भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने तोड़ दिया, बैरिकेड पर जा चढ़े।

सड़क पर विधायक बृजमोहन अग्रवाल और पूर्व मंत्री राजेश मूणत भी नारेबाजी कर रहे थे। समर्थकों के साथ मौजूद इन नेताओं ने विधानसभा की तरफ कदम बढ़ाए तो पुलिस ने रोका। कुछ देर बाद राजेश मूणत सड़क पर बैठ गए। इनके साथ समर्थक भी सड़क पर बैठकर धरना देने लगे। पुलिस के समझाने के बाद भी ना तो समर्थक उठने को राजी हुए ना ही राजेश मूणत।

### 500 कार्यकर्ता गिरफ्तार

*पुलिस अधिकारियों ने राजेश मूणत समर्थकों को बस में ठूंसना शुरू कर दिया। कार्यकर्ता उठने को राजी नहीं थे तो हाथ पांव पकड़कर पुलिस इन्हें उठा ले गई। कुछ देर बाद पुलिस के अफसर मूणत के पास भी पहुंचे, उनसे सड़क से उठने का आग्रह किया। मूणत ने हाथ जोड़कर सड़क से हटने पर मना कर दिया। फौरन बाद अफसरों ने मूणत को भी हाथ और पैर पकड़ कर उठा लिया, मूणत चिल्लाते रहे और पुलिस उन्हें उठाकर बस में ले गई। करीब 1 घंटे तक चले जबरदस्त हंगामे के बाद पुलिस ने बृजमोहन अग्रवाल समेत भाजपा के 500 से अधिक नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया।*



### DSP रैंक के अफसरों से धक्का-मुक्की

भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने बैरिकेड पार करने के लिए पूरी ताकत लगा दी। पुलिस के जवानों और छ्स्क रैंक के अफसरों से जबरदस्त धक्का मुक्की हुई। कुछ भाजपा कार्यकर्ता पुलिस का ही डंडा छीनकर इसी से पुलिस को धकेल रहे थे। कुछ कार्यकर्ताओं के साथ पुलिसकर्मी तू-तड़ाक पर उतर आए।

मॉनसून सत्र में शामिल नहीं हो रहे मंत्री TS सिंहदेव

## एमएसए चंद्राकर बोले- उनकी संवैधानिक जवाबदारी जनता नहीं गांधी परिवार है

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के विधानसभा के मॉनसून सत्र में शामिल नहीं होने पर पूर्व मंत्री व भाजपा विधायक ने कांग्रेस पर तंज कसा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया को ट्वीट करते हुए लिखा- मंत्री टीएस सिंहदेव के सत्र में शामिल नहीं होने से यह स्पष्ट हो गया कि उनकी संवैधानिक जवाबदारी जनता के प्रति नहीं वरन गांधी परिवार (कांग्रेस) के प्रति है...। यह छत्तीसगढ़ की जनता का अपमान है। टीएस सिंहदेव को लेकर भारतीय जनता पार्टी लगातार भूपेश बघेल सरकार पर हमलावर है। सदन से लेकर बाहर तक भाजपा कोई मौका नहीं छोड़ रही है।



बता दें कि टीएस सिंहदेव ने 16 जुलाई की शाम पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने 4 पन्नों का पत्र सीएम भूपेश बघेल के नाम भेजकर प्रदेश की राजनीति में भूचाल ला दिया। पंचायत मंत्रालय छोड़ने के बाद भाजपा इसे लेकर भूपेश सरकार पर हमलावर है।

रमन सिंह की चुनौती पर सीएम का पलटवार

## चिटफंड घोटाले की जांच के लिए वित्त मंत्री के पास चलने को कहा, भूपेश बोले-तैयार रहिए

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में चिटफंड घोटालों से जुड़े आरोपों का मामला गरमाता जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने मंगलवार को सोशल मीडिया के माध्यम से फिर से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को मामले की जांच की मांग करने केंद्रीय वित्त मंत्री के पास चलने की चुनौती दी। जवाब में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी कह दिया कि आप कोरोना से ठीक हो जाइए, चलते हैं फिर दिल्ली। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने लिखा, भूपेश जी अब इधर-उधर की बात छोड़िए-सीधे चिटफंड की जांच पर आते हैं। आप मुख्यमंत्री हैं, केंद्रीय वित्त मंत्री जी से ईडी की जांच के लिए समय मांगिए। जहां, जब, जैसे भी चलना है बताइए ङ्क मैं आपके साथ चलने को तैयार हूं। बस अब और झूठ और बहाने नहीं। पूर्व मुख्यमंत्री ने लिखा, समय, जगह और तारीख बताइए। चिटफंड की जांच के आग्रह के लिए कब केंद्रीय वित्त मंत्री के पास दिल्ली चलना है। मैं तैयार हूं- आप भी तैयार रहिए। थोड़ी देर बाद ही इस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जवाब आ गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लिखा, डॉक्टर साहब! आपके आग्रह के पहले ही मैंने 27/06/2022 को इस विषय पर प्रधानमंत्री जी, वित्त मंत्री और गृह मंत्री को पत्र लिखा है। जहां तक कार्रवाई का प्रश्न है, अब बात जब भाजपा के नेताओं की होती है तो मुलाकात से तो बात बनेगी नहीं, धरना देना होगा।



**ग्रिट अवार्ड** — छत्तीसगढ़ को लघु वनोपज प्रोसेसिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला ग्रिट अवार्ड

## आप सभी को आपके काम के बदौलत विदेश घूमने मिला- मुख्यमंत्री

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से विधानसभा स्थित उनके कार्यालय कक्ष में सिंगापुर में ईएसजी ग्रिट पुरस्कार समारोह में सम्मानित स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने सौजन्य मुलाकात की।




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सिंगापुर में आयोजित ईएसजी ग्रिट पुरस्कार समारोह में सम्मानित महिलाओं ने की सौजन्य मुलाकात

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने राज्य लघु वनोपज संघ सहित वनधन केन्द्रों के समूहों को उनकी इस महत्त्वपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर, अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू, राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबन्ध संचालक श्री संजय शुक्ला भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री बघेल के पूछे जाने पर माँ धारिणी करिन स्व-सहायता समूह बकावंड वन धन केन्द्र की सदस्य श्रीमती पद्मिनी बघेल ने बताया कि उन्होंने पुरस्कार समारोह में अपने बकावण्ड काजू की पूरी प्रोसेसिंग प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी । उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि अब उनके समूह ने अपनी छोटी सी दुनिया से एक बड़ी दुनिया की ओर अपना पहला कदम बढ़ाया है। हरिबोल स्व-सहायता समूह डोंगानाला, वनधन केन्द्र की सदस्य श्रीमती सरोज पटेल ने बताया कि उन्होंने समारोह में उनके समूह के द्वारा वनौषधियों के संग्रहण से उनके प्रसंस्करण और विक्रय तक की पूरी प्रक्रिया बताई। महिलाओं ने मुख्यमंत्री को बताया कि सिंगापुर बहुत सुंदर है। वहाँ उन्होंने चिड़ियाघर, पार्क, समुद्र, हॉलीवुड के साथ ही शहर की हरियाली देखी। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि आप सभी को आपके काम के बदौलत विदेश जाने का मौका मिला। जंगल से निकलकर सिंगापुर की सैर करने का मौका मिला। पहले अधिकारी नेताओं को विदेश घुमाने ले जाते थे अब वे आप लोगों को ले जा रहे हैं, ऐसा पहली बार हुआ है। गौरतलब है कि सिंगापुर में 22 और 23 जुलाई को आयोजित ईएसजी ग्रिट पुरस्कार समारोह में छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ सहित जगदलपुर और कोरबा के दो महिला स्व-सहायता समूह पुरस्कृत हुए। प्रदेश को लघु वनोपज प्रोसेसिंग के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है, जिसके तहत छत्तीसगढ़ को संधारणीय विकास, गरीबी उन्मूलन और महिला सशक्तिकरण के लिए अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिला।

राष्ट्रपति से मिलीं छत्तीसगढ़ की राज्यपाल

## चुनाव में भाजपा की एक पसंद अनुसुईया उइके भी थीं, नई राष्ट्रपति से आदिवासी मामलों पर चर्चा

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसुईया उइके ने नई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की है। इस दौरान दोनों के बीच आदिवासी मामलों को लेकर लंबी चर्चा हुई। राष्टपति चुनाव में अनुसुईया उइके का नाम भी भाजपा की पसंद के तौर पर उभरा था। बाद में संगठन ने द्रोपदी मुर्मू को उम्मीदवार बनाया। छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसुईया उइके द्रौपदी मुर्मू के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने गईं थी। बाद में उन्होंने उनसे राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की और देश की प्रथम जनजातीय महिला राष्टपति बनने पर शुभकामनाएं देकर सफलतम कार्यकाल की कामना की। उन्होंने कहा, आपके राष्टपति बनने से जनजातीय समुदाय में एक उम्मीद जगी है कि अब उनके अधिकारों और हितों का संरक्षण सशक्तता से होगा। बताया जा रहा है, राज्यपाल ने पेसा कानून के क्रियान्वयन के संबंध में राष्टपति को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में पेसा कानून के नियम नहीं बनाए गये हैं, जिसकी वजह से इस नियम का लाभ जनजातिय समुदाय को नहीं मिल रहा हैं। उन्होंने पेसा कानून के अंतर्गत नियमों को बनाने एवं उन्हें लागू कराने का राष्टपति से आग्रह किया। राज्यपाल ने नगरीय क्षेत्रों के लिए मेसा कानून का विधेयक जो कि संसद में लंबित है, उसे शीघ्र पारित कराने का भी आग्रह किया।



# शिव कलाओं में दक्ष हैं, भेद मुक्त हैं, वे महायोगी, आदियोगी हैं..!

मन कभी-कभी आध्यात्मिक हो जाता है तो निकल पड़ता है अनंत की यात्रा पर अपने आराध्य की खोज में। सारे ब्रह्मांड में घूमता है। जाकर वहां रुक सा जाता है जहां सफेद और बर्फीली पहाड़ियां हैं, खुला आसमान है, कंदराएँ हैं, शिलाएं हैं, जहां किसी आदियोगी के होने की संभावना प्रबल है।ऐसा महायोगी जो रात के चेहरे पर भभूत मल देता है, श्मशान को खेल का मैदान समझता है और देह से मुक्त हुई आत्माओं- प्रेतात्माओं को साथी खिलाड़ी।

जिसकी जटाओं में नदियां हैं। जिसने अपने भाल पर चंद्रमा को टिका रखा है। जहां प्रकृति के सारे विरोधी, कमजोर और वंचित साम्य भाव में होते हैं। जहां बाघ और बकरी एक ही घाट पर पानी पीते है। शिव ऐसे महायोगी हैं जिनके अंदर धधकते हुए सूर्य की ज्वाला है, शरद ऋतु की बरसती हुई चांदनी की शीतलता है, हाथ में त्रिशूल है, डमरू है। समुंदर से मथे हुए विष का पान करने वाला वह आदियोगी, त्रिनेत्रधारी नटराज भव सागर में खड़े जहाज की तरह है।

बर्फीली पहाड़ियों के शिलाओं पर ध्यान मुद्रा में बैठे शिव के यहां कोई दरबार नहीं लगता, सभी एकमेव स्थिति में रहते हैं, यहां तक कि विरोधी भी। शिव किसी बंधी बधाई मान्यताओं की डोर थामे नहीं चलते, बल्कि उन सभी का उल्लंघन करते हुए एक नई दुनिया रचते हैं। श्मशान में शिव प्रेतों के साथी हैं, जली हुई चिताओं की राख उनके लिए होली का रंग है जो वे खुद के और पिशाचों के चेहरे पर मल देते हैं, जंगल में वे विषैले सांप- बिच्छुओं के अगुआ हैं।



> शिव निर्विकार हैं, उनकी बांहें खुली हुई हैं, जिसमें जीव जगत के सभी प्राणियों के लिए जगह है। वे कैलाशपति हैं, प्रकृति में रची- बसी अनुभूति हैं। शिव तमाम तरह के वैभव से मुक्त हैं, नदी-पहाड़-झरना, पेड़-पालव आदि के सहचर हैं।

नीलकंठ गरल पीकर भी इतने सरल हैं कि सर्प को गले में लपेट रखा है। शिव निष्कपट हैं इसलिए क्रोधी भी हैं। लेकिन उनका क्रोध अन्याय और विषमता के विरुद्ध है क्योंकि वे समता भाव से भरे हुए हैं। छल-छद्म रहित हृदय में क्रोध अपनी स्वाभाविक और आवश्यक मात्रा में उसी रूप में रहता है जितनी कि प्रसन्नता।

असहायों और बेजुबानों की तो शरणस्थली हैं, उनके पालक हैं, सहयात्री हैं, क्योंकि वे आरोपण के भाव से मुक्त हैं।

शिव के यहां माया नहीं है, संचय नहीं है फिर भी उनका भरा पूरा परिवार है। शिव बेजुबानों के सखा हैं, कमजोरों, वंचितों और निरीह जीवों को साथ लेकर चलते हैं। शिव समदर्शी हैं, उपेक्षा और वर्चस्व के भाव से परे। शिव समता और साथी भाव के जन्मदाता है। वे इन भावों से इस कदर भरे हुए हैं कि प्रेम में अर्धनारीश्वर हो जाते हैं, यह उनके प्रेम की पराकाष्ठा ही है, ऐसा होना ही उनके वैराग्य की चरम अवस्था है।

शिव हर तरह की कलाओं में दक्ष हैं, भेदमुक्त हैं, एक तरफ ज्ञानी हैं-ध्यानी हैं, योगी हैं तो दूसरी तरफ तांडव नृत्य में सिद्धस्थ हैं। शिव घोर तिमिर में प्रकाश की किरण हैं। उनके यहां कोई सोपानक्रम नहीं है। वे सखा भाव से भरे हुए हैं, इसीलिए आदि से अनादि हैं, अनंत हैं।

शिव निर्विकार हैं, उनकी बांहें खुली हुई हैं, जिसमें जीव जगत के सभी प्राणियों के लिए जगह है। वे कैलाशपति हैं, प्रकृति में रची- बसी अनुभूति हैं। शिव तमाम तरह के वैभव से मुक्त हैं, नदी-पहाड़-झरना, पेड़-पालव आदि के सहचर हैं।

असहायों और बेजुबानों की तो शरणस्थली हैं, उनके पालक हैं, सहयात्री हैं, क्योंकि वे आरोपण के भाव से मुक्त हैं। आज जब ताकतवर अपनी-अपनी महत्वाकांक्षाओं में लिप्त होकर दुनिया को युद्ध की आग झोंक देना चाहते हैं तो जरूरत इस बात है कि लोगों में शिवत्व का जागरण हो।

महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर शिव लोगों के हृदय में मित्र भाव का जागरण करें और लोग हथियार छोड़ एक-दूसरे की तरफ हाथ बढ़ाएं। प्रकृति, मनुष्य, स्त्री-पुरुष और समस्त संसार के प्राणियों में प्रेम, भाईचारा और सहोदर भाव जगे।

रत्नेश मिश्र

## संपादकीय

### कथनी जैसी ही हो करनी

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालतें स्वतंत्रता की लोकपाल हैं और उसका संरक्षण उनका पावन कर्तव्य है। तो फिर ये सवाल उठेगा कि क्या आज अदालतें अपने इस पावन कर्तव्य को निभा रही हैं?

सुप्रीम कोर्ट से यह अपेक्षा नहीं रहती कि वह क्या अपेक्षित है, यह देश को बताए। बल्कि उम्मीद यह रहती है कि जो अपेक्षित है, उस पर अमल के लिए वह सरकार को मजबूर करे। भारतीय संविधान ने इसके लिए सुप्रीम कोर्ट को पूर्ण सक्षम बनाया है। अगर कानून नहीं है, तब भी सुप्रीम कोर्ट संविधान के अनुच्छेद 140 का उपयोग कर संविधान की मूल भावना के अनुरूप आदेश जारी कर सकता है। मगर हाल में रुझान यह है कि जज कोर्ट रूम के अंदर और बाहर भी अपनी टिप्पणियों में संवैधानिक भावना का उल्लेख करते हैँ। वे उसके उल्लंघनों का भी कभी-कभार जिक्र करते हैं। लेकिन जब बारी फैसला देने की आती है, तो लोगों की आशा पूरी नहीं होती। सुप्रीम कोर्ट की इस हफ्ते की गई एक खास टिप्पणी भी संभवत: इसी सिलसिले का हिस्सा है। देश की जेलों में विचाराधीन कैदियों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लोकतंत्र पुलिस तंत्र जैसा नहीं लगना चाहिए, क्योंकि दोनों एक दूसरे के विरोधी हैं। बिल्कुल सही बात है। लेकिन क्या सुप्रीम कोर्ट इस बात से परिचित नहीं है कि देश धीरे-धीरे पुलिस तंत्र में बदलता जा रहा है? और इसकी एक वजह यह भी है कि पुलिस तंत्र की भावना से हुई कार्रवाइयां जब सुप्रीम कोर्ट पहुंचती हैं, तो अदालत उसमें न्याय को लटका देता है? अदालत ने कहा कि गिरफ्तारी अपने आप में एक कठोर कदम है, जिसका कम इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

## अर्थव्यवस्था और निचले पायदान के लोगों की दुर्दशा, जीएसटी संग्रह के बढ़ते स्रोत

हाल ही में एक ड्राइवर से मेरी दिलचस्प बातचीत हुई। राम सिंह एक ड्राइवर है, जिसकी सेवाएं मैं समय-समय पर लेता रहता हूं, खासकर गर्मियों में, जब खुद ड्राइविंग करने का मेरा मन नहीं करता। वह बातूनी है, जो अर्थव्यवस्था के निचले पायदान पर रहने वाले लोगों की दुर्दशा और जमीनी स्तर के रूझानों की सटीक जानकारी के लिए व्यावहारिक साबित होता है।

कभी-कभी मुझे लगता है कि वह सूचनाओं का भंडार है-जो फिल्मों, फिल्मी सितारों, राजनेताओं, वैश्विक नेताओं, खेल, स्वास्थ्य सेवा, मौसम और ऐसी हर चीज के बारे में जानता है, जिसके बारे में कोई सोच सकता है। इस बार वह अमीरों के जीएसटी के बोझ से दबे होने और खुद के उससे बचे होने को लेकर खुश था, क्योंकि वह सिर्फ नकद में कारोबार करता था, यहां तक कि वह लोगों से अपना मेहनताना भी नकद में लेता था। मुझसे रहा नहीं गया, तो मैंने उससे पूछा कि क्या उसे सिर्फ नकद में भुगतान किया जाता है, इसलिए उसे लगता है कि वह कर नहीं चुका रहा है? उसने कहा, केवल वही पैसा कर के दायरे में आता है, जिसका भुगतान बैंकों के जरिये होता है।

उसका यह सरल विश्वास इस तर्क से उपजा था कि चूंकि उसकी कोई नियमित आय नहीं है, इसलिए उसे कोई कर नहीं चुकाना पड़ता। नोएडा में एक बैठक के बाद वापस पश्चिमी दिल्ली स्थित अपने घर जाते हुए पूरे रास्ते भर मुझे उसे समझाना पड़ा कि करदाता न होने की उसकी धारणा गलत है और वह भी कर चुकाता है। 140 करोड़ से अधिक आबादी वाले देश में 1.5 करोड़ से कुछ अधिक आयकर दाताओं का होना बेशक निराशाजनक है।



करदाताओं का देश

> औसत मासिक जीएसटी संग्रह 1.5 लाख करोड़ रुपये के करीब है और वर्ष 2021-22 में पेट्रोल और डीजल की बिक्री से कुल कर संग्रह तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक था। इसलिए यह धारणा गलत है कि हर कोई कर का भुगतान नहीं करता या सरकार के खजाने में योगदान नहीं करता।

आधिकारिक तौर पर वित्तमंत्री ने संसद में कहा है कि वर्ष 2019-20 में दर्ज किए गए व्यक्तिगत और कॉरपोरेट सहित सिर्फ आठ करोड़ से अधिक करदाता हैं। ऐसे में यह कहना आसान है कि देश में बहुत कम लोग कर चुकाते हैं, लेकिन यह लोगों की नौकरियों से संबंधित है, खासकर जब एक वर्ष में पांच लाख रुपये तक की आय आयकर से मुक्त होती है। जब मैंने राम सिंह से पूछा कि क्या उसने कपड़े और किराने का सामान खरीदा है, फोन रिचार्ज करवाया है, सिनेमा हॉल में फिल्म देखने के लिए टिकट खरीदा है या इंटरनेट पैक जैसी चीजें ली हैं?

इस पर उसने सहमति जताई। उसने यह भी बताया कि उसने एक पुरानी मोटरसाइकिल खरीदी है, जिसे वह और उसका बेटा जरूरत के हिसाब से चलाता है। मैंने उससे पूछा कि क्या उसे पता है कि पेट्रोल पर भी टैक्स लगता है, जिसका भुगतान उसे मोटरसाइकिल चलाते वक्त करना पड़ता है? फोन रिचार्ज कराते वक्त भी कर का भुगतान करना पड़ता है, और जब भी उसने किसी दुकान से कोई सामान खरीदा है, तो उसे जीएसटी का भुगतान करना पड़ा है। यह सुनकर अचानक वह चुप हो गया। औसत मासिक जीएसटी संग्रह 1.5 लाख करोड़ रुपये के करीब है और वर्ष 2021-22 में पेट्रोल और डीजल की बिक्री से कुल कर संग्रह तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक था। इसलिए यह धारणा गलत है कि हर कोई कर का भुगतान नहीं करता या सरकार के खजाने में योगदान नहीं करता। यह दरअसल एक कल्पना है। और इसलिए सरकार में बैठे लोगों द्वारा देश में करदाताओं की कम संख्या की बार-बार चर्चा करना भी उतना ही गलत है। असंगठित क्षेत्र में भारी रोजगार, उद्यमियों और अल्पकालिक व्यवसायों को देखते हुए सीधे आयकर के दायरे में आने वाले लोगों की संख्या भले कम हो सकती है, लेकिन आयकर कर संग्रह का एकमात्र स्रोत नहीं है। नागरिक अन्य तरीकों से भी सरकार को कर चुकाते हैं। सरकार की आय के मुख्य स्रोत जीएसटी और आयकर हैं।

नारायण कृष्णमूर्ति

## मिला जुला

संसद के मानसून सत्र का 7वां दिन

# हंगामे के चलते राज्यसभा से विपक्ष के 19 सांसद हफ्तेभर के लिए सस्पेंड

नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र का आज 7वां दिन है। मंगलवार को विपक्ष ने GST और महंगाई पर जोरदार हंगामा किया। इसके बाद राज्यसभा से विपक्ष के 19 सांसदों को एक हफ्ते के लिए सस्पेंड कर दिया गया।



लोकसभा से 4 कांग्रेस सांसद पूरे सत्र के लिए सस्पेंड | राज्यसभा के 19 विपक्षी सांसद इस हफ्ते के लिए निलंबित

हंगामे के चलते राज्यसभा की कार्यवाही पहले एक घंटे और फिर दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी। इधर, लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने के बाद ही 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई थी। सस्पेंड किए गए सांसदों में सुष्मिता देव, डॉ. शांतनु सेन और डोला सेन के अलावा मौसम नूर, शांता छेत्री, नदीमुल हक, अभी रंजन विश्वास (सभी तृणमूल कांग्रेस) के अलावा ए. रहीम और शिवदासान (वामदल), कनिमोझी (डीएमके), बीएल यादव (टीआरएस) और मोहम्मद अब्दुल्ला का नाम शामिल है। खास बात यह है कि इनमें कांग्रेस का कोई सांसद नहीं है।

### सोमवार को कांग्रेस के चार सांसद निलंबित हुए

लोकसभा में सोमवार को भारी हंगामे के बीच स्पीकर ओम बिड़ला ने कांग्रेस के 4 सदस्यों को निलंबित कर दिया था। ज्योतिमणी, माणिकम टैगोर, टीएन प्रथापन और राम्या हरिदास को पूरे सत्र के लिए निलंबित किया गया है। दरअसल, लोकसभा में विपक्ष ने महंगाई और त्रस्ज्ञ पर जमकर हंगामा किया। कार्यवाही शुरू होने के कुछ देर बाद ही विपक्षी नेताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी। स्पीकर ओम बिड़ला ने विपक्षी सदस्यों से कार्यवाही चलने देने की अपील की, लेकिन उन्होंने GST के खिलाफ नारेबाजी और तख्तियां दिखाना जारी रखा। इसके बाद स्पीकर ने चार सांसदों को निलंबित कर दिया था। टीएमसी सांसदों ने संसद के पास विरोध प्रदर्शन किया है। गारो और खासी जनजाति को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की है। TMC सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने कहा कि हम संविधान की आठवीं अनुसूची में गारो और खासी को शामिल करने की मांग कर रहे हैं। मैं आज शून्यकाल में इस मुद्दे को संसद में उठाने जा रहा हूं।

### स्पीकर ने कहा- सदन में तख्तियां न दिखाएं

*स्पीकर ओम बिड़ला ने विपक्षी नेताओं से पूछा कि आप यहां नारे लगाने आए हैं या जनता से संबंधित मुद्दों को उठाने आए हैं। देश की जनता चाहती है कि सदन चले, लेकिन यह ऐसे नहीं चल सकता, मैं सदन में ऐसी स्थिति नहीं रहने दूंगा।*

स्पीकर ने कहा, अगर आप तख्तियां दिखाना चाहते हैं, तो घर के बाहर करें। इसके बाद उन्होंने सदन को मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दिया था।

## मोदी जी राजा हैं और भारत में पुलिस राज है, हिरासत में लिए गए राहुल गांधी का केंद्र पर हमला

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को हिरासत में लिया। राहुल अन्य कांग्रेसी नेताओं के साथ ईडी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। दरअसल कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने सोनिया गांधी को तलब किया है और उनसे पूछताछ जारी है।



हिरासत में लिए जाने के बाद राहुल गांधी ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। तानाशाही के लिए केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए, राहुल ने आरोप लगाया कि उन्हें संसद के अंदर चर्चा करने की भी अनुमति नहीं दी जा रही है और विरोध के दौरान नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया है। हिरासत में लिए जाने से पहले राहुल ने आरोप लगाया, मोदी जी राजा हैं और भारत में पुलिस राज है। मल्लिकार्जुन खड़गे, रंजीत रंजन, केसी वेणुगोपाल, मनिकम टैगोर, इमरान प्रतापगढ़ी और के सुरेश सहित पार्टी के अन्य नेताओं को भी हिरासत में लिया गया है। द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, नेताओं को किंग्सवे कैंप ले जाया गया है।

मुख्य विपक्षी दल ने ईडी की कार्रवाई को राजनीतिक द्वेष की भावना से की गई कार्रवाई करार दिया और कहा कि सत्य ही इस तानाशाही का अंत करेगा। हिरासत में लिए जाने के बाद में राहुल गांधी ने ट्वीट किया, %%तानाशाही देखिए, शांतिपूर्ण प्रदर्शन नहीं कर सकते, महंगाई और बेरोजगारी पर चर्चा नहीं कर सकते। पुलिस और एजेंसियों का दुरूपयोग करके, हमें गिरफ्तार करके भी, कभी चुप नहीं करा पाओगे। सत्य ही इस तानाशाही का अंत करेगा।%% इससे पहले राहुल गांधी और कांग्रेस के कई अन्य सांसदों ने संसद भवन से मार्च निकाला। वे राष्ट्रपति भवन की तरफ बढ़ने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें विजय चौक पर रोक दिया। इसके बाद इन नेताओं ने वहां धरना दिया।

# जहरीली शराब से अब तक 29 की मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात के बोटाद जिले में जहरीली शराब पीने से अब तक 29 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 30 की हालत गंभीर है। सोमवार को इस मामले में 10 लोगों की मौत हुई थी। वहीं 19 लोगों की आज इलाज के दौरान मौत हो गई। इस केस में मुख्य आरोपी समेत 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मामले की जांच SIT ने शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में पता चला है कि सोमवार को बरवाला के रोजिद गांव में एक शराब भट्ठी पर 8 गांव के लोग शराब पीने आए थे। शराब की जगह वहां लोगों को मेथेनॉल



केमिकल दिया गया था। यह मेथेनॉल अहमदाबाद से लाया गया था। जहरीली शराब पीकर मरने वालों के शवों को श्मशान घाट ले जाने की बजाय खुले में जमीन पर ही अंतिम संस्कार कर दिया गया। सबसे ज्यादा रोजिंद गांव में 9 लोगों के शव का अंतिम संस्कार किया गया है। जहरीली शराब से रोजिंद के अलावा रेस, चौकड़ी, धंधुका, नभोई, रणपरी, पोलरपुर और चौरागा में मातम है। जिले के प्रभारी मंत्री वीनू मरोदिया ने कहा कि ये घटना दुखद और शर्मनाक है। हम इसकी जांच करेंगे कि शराबबंदी के बावजूद राज्य में शराब कैसे और कौन बेच रहा है? दोषी पुलिस अधिकारियों पर भी कार्रवाई करेंगे। कांग्रेस नेता शक्ति सिंह गोहिल ने सरकार पर सवाल उठाते हुए पूछा है कि शराबबंदी वाले गुजरात में जहरीली शराब कैसे मिली?

## चुनाव के दौरान फ्री ऑफर्स पर रोक लगे

**सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से रास्ता निकालने को कहा; पॉलिटिकल पार्टियां देती हैं प्रलोभन**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव के दौरान मुफ्त की योजनाओं पर रोक लगाने की बात कही है। इसके लिए केंद्र सरकार को निर्देश दिया है, कि जल्द से जल्द इस दिशा में कोई रास्ता निकालें। इस मामले में अगली सुनवाई 3 अगस्त को होगी।



वोटर्स को लुभाने के लिए मुफ्त की योजनाओं की घोषणाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने 3 मार्च को आपत्ति जताई थी, जिस पर याचिकाकर्ता ने याचिका वापस ले ली थी, लेकिन मंगलवार को कोर्ट ने इसी तरह के एक दूसरे पेंडिंग मामले में सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया।

सुनवाई के दौरान किसी अन्य मामले को लेकर वकील कपिल सिब्बल भी कोर्ट में मौजूद थे। कोर्ट ने मुफ्त की योजना के इस मुद्दे पर उनसे भी उनके विचार पूछे। इस पर सिब्बल ने कहा कि यह एक गंभीर मामला है, लेकिन राजनीतिक रूप से इसे नियंत्रित करना मुश्किल है। वित्त आयोग को अलग-अलग राज्यों को पैसा आवंटित करते समय उनका कर्ज और मुफ्त योजनाओं को ध्यान में रखना चाहिए।

## मोदी से लेकर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शहीदों को किया याद, तीनों सेनाओं के चीफ पहुंचे राष्ट्रीय युद्ध स्मारक



**नई दिल्ली।** आज देशभर में कारगिल विजय दिवस मनाया जा रहा है। 1999 में कारगिल की पहाड़ियों में लगभग 60 दिनों तक भारत और पाकिस्तान के बीच चले युद्ध में आज ही के दिन भारत की जीत हुई थी। हालांकि इस जीत की बड़ी कीमत देश ने चुकाई थी। हमने युद्ध में 500 से ज्यादा वीर सैनिकों को खो दिया था। इन्हीं वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए 26 जुलाई को देश के अलग-अलग जगहों पर कई कार्यक्रम होते हैं। आज भी सेना प्रमुखों समेत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से लेकर राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने शहीदों को याद करके श्रद्धांजलि दी।

साल 1999 में पाकिस्तानी आतंकी और सैनिक कारगिल की पहाड़ियों में घुस आए थे, जिसके बाद भारतीय सेना ने इनके खिलाफ 'ऑपरेशन विजय' चलाया था। कारगिल की हजारों फीट ऊंची चोटियों पर दुश्मन और हमारी फौज नीचे। दोनों ओर गहरी खाई और एकदम सीधी चढ़ान। ऊपर से माइनस तापमान की हाड़ जमा देने वाली ठंड। यानी सब कुछ दुश्मन के फेवर में, लेकिन हमारे रणबांकुरे तो सिर पर कफन बांध कर निकले थे। तिरंगा उनका आराध्य और वतन की हिफाजत सबसे बड़ी पूजा।

# कलेक्टर ने स्कूली बच्चों का अभियान चलाकर जाति प्रमाण पत्र बनाने के दिए निर्देश

## वन अधिकार पत्र बनाने में प्रगति लाएं, सड़क निर्माण कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं चलेगी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर वन अधिकार पत्र, स्कूली बच्चों का जाति प्रमाण पत्र, किसानों का ई-केवायसी, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, बूस्टर डोज टीकाकरण अभियान, सड़क निर्माण कार्य की प्रगति, राजस्व के लंबित प्रकरण, मुख्यमंत्री जनचौपाल, टीएल के लंबित प्रकरण सहित अन्य योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की।



### रोस्टर बनाकर स्कूली बच्चों का टीकाकरण करें

उन्होंने शिक्षा, राजस्व विभाग, आदिमजाति विभाग को अभियान चलाकर स्कूली बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए है। वन अधिकार पट्टा के संबंध में राजस्व अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा है कि अधिकारी फील्ड विजिट करके निरस्त हुए आवेदनों की सूची संधारित करें और पात्र हितग्राहियों का ग्राम सभा में अनुमोदन कराकर वन अधिकार पट्टा बनाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन की मंशा है कि वनांचल क्षेत्रों के सभी पात्र हितग्राहियों को शत् प्रतिशत वन अधिकार पट्टा देकर लाभांवित किया जाए। इसी दिशा में कार्य करने के लिए कहा गया है। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को विशेष प्रयास करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चे एवं आंगनबाड़ी केन्द्र में पढ़ने वाले पात्र प्रत्येक बच्चे के हाथ में जाति प्रमाण पत्र देना अनिवार्य है। कलेक्टर ने अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि इस कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं चलेगी। उन्होंने खेती किसानी के सीजन को देखते हुए किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं ईकेवायसी का भी लाभ देने के लिए कहा है। कृषि विभाग को अभियान चलाकर 31 जुलाई तक सभी पात्र कृषकों का ई.केवायसी करवाने के निर्देश दिए है। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को बंटाकन, सीमांकन, नामांत्रण, खाता विभाजन, रिकार्ड दुरूस्तीकरण, भू-अर्जन प्रकरण एवं राजस्व के सभी प्रकरणों का समय-सीमा का ध्यान रखते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए है।

बैठक में कलेक्टर ने बूस्टर डोज लगाने के लिए स्कूलों में भी अभियान चलाने के लिए कहा है और रोस्टर अनुसार शिविर लगाकर छुटे हुए लोगों का टीकाकरण कराने के निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री भेट मुलाकात के दौरान घोषणाओं पर अमल करने के निर्देश दिए है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को दूरस्थ अंचल क्षेत्रों में मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना बेहतर क्रियान्वयन करने एवं आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रगति लाने के निर्देश दिए है। साथ ही पीडब्ल्यूडी विभाग को तपकरा से लवाकेरा, फरसाबहार से दोकड़ा सहित अन्य सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि लोगों की आवागमन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सड़क निर्माण के कार्य को पूर्ण करना बेहद जरूरी है।

## एक नजर

### अपहरण के शिकार नाबालिग को पुलिस ने छुड़ाया, आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले के पिथौरा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत, एक नाबालिग युवती को बहला फुसला कर भगाने वाले दो आरोपियों को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर नाबालिग को बरामद किया है। पिथौरा पुलिस थाना में 18 जुलाई को एक नाबालिग को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कर अपराधीक प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही थी। इस बीच आरोपी की पतासाजी के दौरान थाना प्रभारी राकेश खुटेश्वर को विगत 25 जुलाई को मुखबिर से सुचना मिली कि आरोपी अपहृता को जिला मुंगेली में लेकर रखा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए तत्काल स्टाफ रवाना किया।स्थानीय पुलिस ने जिला मुंगेली में मुखबिर द्वारा बताये स्थान दबिश दी। जहा आरोपी यशवंत जांगड़े पिता कलेश्वर जांगड़े 19 साल निवासी कोदवाबानी थाना लालपुर के कब्जे से अपहृता को बरामद किया गया। प्रकरण में आरोपी के सहायक रिश्तेदार विश्वनाथ निषाद पिता भैयाराम उम्र 32 साल निवासी कोदवाबानी थाना लालपुर को धारा 363 366,376,;2, ढ, भादवि, 4, 6 पॉस्को एक्ट में गिरफ्तार किया गया। आरोपी को रिमांड पर जेल भेजा गया है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी राकेश खुटेश्वर, सउनि सिकंदर भोई, प्रधान आरक्षक दयासागर भोई, महिला प्रधान आरक्षक सायमा अंबेलकर आरक्षक शैलेश ठाकूर आरक्षक मिहिर बिसी, एवं साइबर सेल आरक्षक रवि यादव व समस्त थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा।



सफलता की कहानी

# धनवंतरी मेडिकल स्टोर से हर वर्ग के लोगों को मिल रहा लाभ

कुनकुरी नगरीय क्षेत्र में 2559 उपभोक्ताओं को 9 लाख 35 हजार से अधिक कीमत की दवाईयों को 4 लाख 10 हजार 751 रुपए पर किया गया प्रदान

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

आम नागरिकों को बाजार में मिलने वाली महंगी दवाईयों से राहत दिलाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा धन्वंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर प्रारंभ किया गया है। जहां सस्ती दर पर मिल रही गुणवत्ता पूर्ण दवाओं का सीधा लाभ आम जनता को मिल रहा है। जेनेरिक मेडिकल स्टोर में दवाईयां निजी मेडिकल स्टोर एवं बाजार में मिलने वाली दवाओं की कीमत की तुलना में 50 से 61 प्रतिशत की छूट पर मिलती है। जिससे उपभोक्ताओं के दवाई में होने वाले खर्च में कमी आ रही है। नगर पंचायत कुनकुरी में संचालित धन्वन्तरी मेडिकल स्टोर में अब तक 2559 उपभोक्ताओं को बाजार या निजी मेडिकल स्टोर्स में 9 लाख 35 हजार से अधिक की कीमत पर मिलने वाली दवाईयों को 4 लाख 10 हजार 751 रुपए पर विक्रय किया गया है। जिससे उपभोक्ताओं की लगभग 5 लाख 22 हजार रुपए का बचत हुआ है।





### जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स में 50 से 61 प्रतिशत तक की छूट पर विक्रय की जा रही दवाईयां

जेनेरिक मेडिकल स्टोर में सर्दी, खांसी, बुखार, ब्लड प्रेशर जैसी आम बीमारियों के साथ-साथ गंभीर बीमारियों की जेनेरिक दवाएं, एंटीबायोटिक, सर्जिकल आइटम, वन विभाग के संजीवनी के उत्पाद, सौंदर्य प्रसाधन उत्पाद और शिशु आहार भी उपलब्ध है। मेडिकल स्टोर में दवाई खरीदने आए उपभोक्ताओं का कहना है कि धन्वन्तरी मेडिकल स्टोर खुलने से लोगों को सस्ते दाम पर दवाइयां उपलब्ध हो रही है। सर्दी बुखार सहित अन्य बीमारियों की दवाइयां मेडिकल स्टोर की तुलना में जेनेरिक मेडिकल स्टोर में आधे से कम दाम पर मिल रही है। उपभोक्ताओं ने सस्ती दर पर दवाइयां उपलब्ध कराकर प्रत्यक्ष लाभ आम जन को दिलाने के लिए प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन को सहृदय धन्यवाद दिया है।

# दीपक तिवारी अधिवक्ता पूर्व सचिव उमंग उत्साह के साथ केक काटकर जन्म दिवस मनाया

न्यायाधीश व अधिवक्ताओं ने दी बधाई

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा। मंगलवार को जिला सत्र न्यायालय में सभी जिला सत्र न्यायाधीश जयदीप विजय निमोणकर, अपर सत्र न्यायधीश पंकज कुमार सिंहा, कु.न्यायालय विजय कुमार होता, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मधु तिवारी फस्ट कोर्ट, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी 1 कामिनी वर्मा व तनुश्री गवेल, जसविंदर कौर आजमानी मलीक जिला विधिक, व अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं सभी अधिवक्ता मित्रों व उपस्थित जिला संघ अध्यक्ष प्रणीश चौबे,सदस्य व एवी गोवर्धन, मानस मिश्रा, भानु मिश्रा, सलमा शरीफ, परसराम देवांगन लाल, बहादुर शर्मा, राजेश शर्मा, राजेंद्र पांडे,सुनीति कुमार दास, विजय पांडे, रामकुमार जोशी, डीएस साहू,नारद साहू, रविशंकर श्रीवास्तव,मोहित राम वर्मा, प्रसून शुक्ला, हेमंत वर्मा, विवेक तिवारी, विनय किशोर, मनोज नामदेव,कमलेश ठाकुर, एनके सोनी, रविशंकर सोनी, इन्द्रावन वर्मा, कमल पांडे,अधिवक्ता ने केक काटकर सभी अधिवक्ताओं को केक व स्वलपाहार व्यवस्था कर सभी का मुह मीठा कराया दिन भर उमंग उत्साह में दिखते नजर आये उनके अवतरण दिवस पर सभी ने स्नेहिल मान सम्मान व ढ़ेर सारी बधाइयां एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं उक्त जानकारी मणीशंकर दिवाकर अधिवक्ता प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ने दी।



# स्वतंत्रता दिवस गरिमामय माहौल में मनाया जायेगा

स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर ने ली बैठक



जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

जिला मुख्यालय बेमेतरा में स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा। कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि मुख्य समारोह बेसिक स्कूल मैदान में होगा। जहां मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे और मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। बैठक में पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह छवई, जिला पंचायत सीईओ लीना कमलेश मण्डावी, अपर कलेक्टर डॉ.अनिल बाजपेयी, एएसपी पंकज पटेल सहित जिला स्तर के अधिकारी, नगरीय निकाय के सीएमओ उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि देश भक्ति पूर्ण गीतों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का चयन समारोह की गरिमा के अनुकूल किया जाए। उन्होंने कहा कि जहां-जहां शासकीय भवनों में झण्डा फहराया जाता है वहां ध्वज अवतरण के समय का विशेष ध्यान रखा जाए तथा इसके लिए जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जाए। कलेक्टर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा। विभाग अथवा कार्यालय प्रमुख अपने कार्यालय में ध्वजारोहण करेंगे और राष्ट्रीय गान जन गण मन गाया जायेगा।

कलेक्टर शुक्ला ने कहा कि स्थानीय विद्यालयों के प्रधान अध्यापक और प्राचार्य अपने विद्यालयों में सुबह 7:30 बजे ध्वजारोहण कर छात्र-छात्राओं को प्रभात फेरी कराते हुए 8:30 बजे तक मुख्य समारोह स्थल पहुंचेंगें। समारोह में जिला आरक्षक बल, विशेष बल, होमगार्ड, एनसीसी तथा स्काउट के जूनियर तथा सीनियर छात्र-छात्राओं के परेड आयोजित किए जाएंगे। परेड मैदान में अतिथि गण, प्रेस,मीडिया, शहीद परिवार, आम नागरिक महिला एवं पुरूषों के लिए अलग-अलग सेक्टर बनाया जाएगा। समारोह स्थल में बेरिकेटिंग के लिए बांस बल्लियों की आपूर्ति, बेरिकेटिंग का कार्य, शामियाना एवं कुर्सियॉ आदि की व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल हेतु पानी टैंकर की व्यवस्था के लिए संबंधित विभागों को जवाबदारी दी गई है। इसके अलावा आमंत्रितों की बैठक व्यवस्था, झण्डा, फूल माला तथा गुलदस्ता की व्यवस्था, बिजली एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था, चलित अस्पताल, जीवन उपयोगी दवाओं एवं चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था, विभिन्न रंगों के गुब्बारों, शांति के प्रति श्वेत कबूतर की व्यवस्था आदि के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित की गई।

# जिले के कलेक्टर एवं एसपी ने ली जिले की कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

मुख्यमंत्री छग शासन के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार टीएल बैठक के पूर्व प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की जा रही है इसी क्रम में 26 जुलाई 2022 दिन मंगलवार को संयुक्त कार्यालय बेमेतरा के सभाकक्ष में जिले के कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जितेन्द्र कुमार शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के द्वारा कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक लिया गया। जिसमें जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने, सोशल मीडिया पर शांति भंग करने वाले प्रसारित सूचनाओं का संकलन एवं सतत निगरानी करने व आसूचना तंत्र मजबूत करने, असामाजिक तत्वों पर सतत निगाह रखने तथा बेमेतरा जिले की कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। उक्त बैठक में जिला पंचायत सीईओ लीना मंडावी, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी राजीव शर्मा, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, बेरला एसडीएम संदीप ठाकुर, नवागढ़ एसडीएम प्रवीण तिवारी, साजा एसडीएम धनराज मरकाम, संयुक्त कलेक्टर युगल किशोर उर्वशा, डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव मस्के, डिप्टी कलेक्टर हीरा गवर्ना, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित प्रशासनिक एवं पुलिस के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# पति की हत्या के बाद न्याय के लिए भटक रही पत्नी, कोतवाली पुलिस पर जांच में कोताही बरतने के लगाया आरोप

मृतक की पत्नी ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर, आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की रखी मांग

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

न्याय के लिए भटक रही पत्नी ने कोतवाली पुलिस पर मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। इस संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों में जल्द गिरफ्तारी की मांग रखी है। मामला ग्राम पंचायत कठिया का है। जहां ग्राम के निवासी मृतक ढेलू राम निषाद उम्र 45 वर्ष 2 जुलाई शाम के बाद वापस घर नहीं लौटा। इसके बाद परिजन आसपास के गांव व रिश्तेदारों के पास पतासाजी करते रहे लेकिन जानकारी नहीं मिलने पर परिवार वालों ने सिटी कोतवाली जाकर 3 जुलाई को गुमशुदगी का रिपोर्ट लिखाई। 4 जुलाई को ग्राम पेंड्री के पास शिवनाथ नदी के किनारे ढेलूराम निषाद की लाश पानी में तैरते मिली। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा था क्योंकि शरीर पर चोट के निशान के साथ सीमेंट के पोल से बांधकर लाश को नदी में फेंका गया था।



### किसान नेता योगेश तिवारी ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी



### किसान नेता ने आंदोलन की दी चेतावनी

किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि पीड़ित परिवार को जल्द न्याय मिले इसकी उम्मीद पुलिस प्रशासन से करते हैं । घटना के करीब 20 दिनों बाद भी इस मामले में पुलिस के हाथ खाली हैं । हत्या के आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। जो पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। परिजनों ने पुलिस पर जांच में कोताही बरतने के आरोप लगाए हैं। किसान नेता ने मामले में आरोपी की जल्द गिरफ्तारी नहीं होने की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी दी है।

### मामले की जांच जारी संदिग्धों बुलाकर की जा रही पूछताछ

*कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामले में धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। मृतक के परिवार के लोगों ने जिन संदिग्ध लोगों पर हत्या की शंका जाहिर की थी। उन लोगों को बुलाकर पूछताछ की गई है। प्रकरण की विवेचना जारी है। जानकारी के अनुसार पुलिस को अब तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट अब तक अप्राप्त है। गौरतलब हो कि मृतक 2 जुलाई लापता था, जिसकी 4 जुलाई को शिवनाथ नदी में लाश तैरते मिली और 5 जुलाई को मेडिकल कॉलेज में मृतक का पोस्टमार्टम हुआ।*

# फैड्रेशन के हड़ताल के पहले दिन से ही सरकारी कामकाज ठप्प

## दफ्तरों में लगे ताले स्कूलों में पढाई प्रभावित

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

**छग कर्मचारी फैड्रेशन के पांच दिवसीय हड़ताल पर चले जाने से जहां पहले दिन ही सरकारी कामकाज पर विराम लग गया तो वही दूसरे दिन भी कामकाज प्रभावित रहा इधर शासकीय स्कूलो में पढ़ाई भी पूर्ण प्रभावित हो गया है।**



जिलेभर में सत्तर से अधिक कर्मचारी संगठन हड़ताल पर है स्कूल से लेकर जंगल तक में हड़ताल का प्रभाव देखा जा रहा है बच्चे पाठशाला तक तो पहुंच रहे हैं। पर शिक्षक नहीं होने के कारण पढ़ाई से बंचित हो रहे है तो वही वन कर्मचारी संघ भी इस हड़ताल मे शामिल होने से जंगल भी अब असुरक्षित हो गया है। गरियाबंद जिले के सत्तर से अधिक कर्मचारी संगठन जिसमे वन, शिक्षा, राजस्व,पंचायत जैसे महत्वपूर्ण विभाग शामिल है के हड़ताल पर जाने से क्षेत्र के लोगों को बिना काम के बैरंग लौटना पड़ रहा है वही अपने कामकाज नहीं होने के कारण लोग दफ्तर का चक्कर काट कर परेशान हो गये हैं।

### कई दफ्तरो में हड़ताल के कारण ताले लगे

जब जोहार छग देवभोग ने ब्लाक स्तरीय दफ्तरों पर नजर डाला तो कृषि कार्यालय जनपद पंचायत के कई शाखाओं सहित एक शिक्षकीय शालाओं में ताला लगा पाया कही कही कुछ विद्यालयों में परिवेक्षा अवधि के दौर से गुजर रहे शिक्षक तो कही स्वीपर और चपरासी के भरोसे मुश्किल से चल रहा है। सरकारी आंकड़ो की माने तो देवभोग ब्लाक मे दर्जनभर ऐसे स्कूल है जहां एक शिक्षक पदस्थ है ऐसे ही कृषि कार्य के ऐन वक्त पर कृषि विभाग में सभी कर्मचारी हड़ताल पर चले गये तो ताला तक नहीं खुल सका।




### क्या है इनकी दो सूत्रीय मांग जिसके लिये कर्मचारी लम्बी लड़ाई लड़ रहे हैं

राज्यभर में छग कर्मचारी फैड्रेशन 25 से29जुलाई तक और शिक्षक संघ अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गये। मंहगाई भत्ते में बड़ा अंतर है 22 प्रतिशत के एवज में केन्द्र के समान 34 प्रतिशत और गृहभत्ते को सातवें वेतनमान के अनुरूप पुनरीक्षित करना ये इनकी दो सूत्रीय मांग है जिसके लिये फैड्रेशन पिछले तीन वर्षो से लम्बी लड़ाई लड रहा है। इसके पहले भी कर्मचारी हडताल पर जा चुके है।वन कर्मचारी संघ ने तो इस विसंगति के लिये गर्मीभर 22 दिनो की लड़ाई लड़ी है। वन कर्मचारी संघ के जिला सचिव दिनेशचंद्र पात्र शिक्षक संघ के गिरीश बेहेरा,धोबलेश्वर बेहेरा, केशरी कश्यप ने कहा फैड्रेशन बार बार सरकार को मांग सौंपने के बाद भी संज्ञान नही ले रही है इस बार ऐसी स्थिति रही तो उग्र आंदोलन करने पर विवश हो जायेंगे।



### अब आर पार की लड़ाई लड़ने का लिया है निर्णय

कर्मचारीयो में भारी आक्रोश है दूसरे चरण के हड़ताल पर ब्लाक से जिला स्तर पर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी हो रही है। फैड्रेशन के पदाधिकारी सरकार को चेतावनी दे रहे है अगर उनकी मांग पर अमल नही हुआ तो काम बंद कलम बंद के बाद सड़क आंदोलन करेंगे और इसबार कर्मचारी फैड्रेशन अपनी दो सत्रीय मांग के लिये आर पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हो गये हैं।

## आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत 11 से 17 अगस्त 2022 तक होगा हर घर झण्डा कार्यक्रम का आयोजन

### हर घर में लहराएगा तिरंगा, कलेक्टर ने राष्ट्र ध्वज लगाने की अपील

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 11 से 17 अगस्त 2022 तक हर घर झण्डा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिले में इस कार्यक्रम को लेकर कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने अधिकारियों को विशेष तैयारी के निर्देश दिए हैं। राष्ट्र के प्रति गौरव और सम्मान के लिए गांव से लेकर शहर तक हर घरों में तिरंगा फहराने के लिए उन्होंने सभी से अपील भी है। जिले में सभी नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। देश भक्ति की भावनाओं को विकसित करने के साथ देश के प्रति समर्पित रहने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर ने हर घर झण्डा कार्यक्रम अंतर्गत सतत मानिटरिंग के लिए सभी अधिकारियों को शासन के दिशा निर्देश अनुरूप अपने स्तर पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले के अन्तर्गत सार्वजनिक उपक्रमों, स्व.सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों आदि के समस्त कर्मचारियों एवं उनके परिवार की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है। कलेक्टर ने राष्ट्र ध्वज के मानकों का पालन करते हुए ग्राम पंचायत स्तर पर सरपंचों एवं पंचायत के अन्य सदस्य एवं पदाधिकारियों की सहभागिता से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय स्तर पर प्रत्येक गांव में झण्डा वितरण और बिक्री केन्द्र स्थापित करना, स्थानीय स्वसहायता समूह को झण्डों के निर्माण के लिए प्रोत्साहित एवं भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने झण्डे की खरीदी के लिए समूहों को प्रोत्साहित करने के निर्देश भी दिए हैं। समस्त शासकीय भवनों एवं संस्थानों में झण्डा फहराना सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर ने पाम्पलेट, बैनर सहित अन्य प्रचार माध्यमों की सहायता से स्वतंत्रता सप्ताह में हर घर झण्डा कार्यक्रम को सफल बनाने की दिशा में काम करने कहा है।



## पिछड़ी जनजाति को जागरूक कर मुख्य धारा से जोड़ रही सरकार - पुरूषोत्तम कंवर

**कोरबा** । जिले में पारंपरिक जनजातीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पारंपरिक खेलों का आयोजन कोरबा जिला अंतर्गत विकासखंड स्तर पर 20 और 21 जुलाई को किया गया। जिला स्तरीय खेल मड़ई का दो दिवसीय आयोजन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला में किया गया। जिला स्तरीय विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों का खेल मडई महिला वर्ग का फुगड़ी, कबड्डी, रस्साखींच व बोरा दौड़ प्रतियोगिता एकलव्य विद्यालय छुरीकला में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि से रूप में पुरूषोत्तम कंवर विधायक कटघोरा शामिल हुए। कार्यक्रम के समापन समारोह में निलम देवांगन अध्यक्ष नगर पंचायत छुरी व गोविंद सिंह कंवर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कटघोरा, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास माया वारियर शामिल हुए। इस दौरान सरपंच ग्राम पंचायत कुसरेंगा, पहाड़ी कोरवा समुदाय के उपाध्यक्ष बाबू लाल पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर समाज प्रमुख बरत राम बिरहोर, समारूराम पहाड़ी कोरवा व जीवन राम पहाड़ी कोरवा भी मौजूद रहे। 24 जुलाई के प्रतियोगिता में 84 बालिका वर्ग के प्रतियोगी विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल हुए।

# गुरूकुल में गुरू का कलंकित कारनामा, दीक्षार्थी बालकों का यौन शोषण

### कुकर्मी कोमल को महासमुंद में पुलिस ने दबोचा

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

प्राच्यकालीन गुरुकुल परंपरा के तहत वैदिक शिक्षा देने वाली संस्था आर्ष गुरुकुल आश्रम कोसरंगी में दीक्षारत छात्रों के साथ आश्रम अधीक्षक द्वारा शर्मनाक अश्लील हरकत यह जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आश्रम अधीक्षक आचार्य कोमल वैष्णो द्वारा विगत लंबे समय से गुरुकुल में रहकर पढ़ने वाले सातवीं आठवीं के छात्रों के साथ कुत्सित हरकत को अंजाम दिया जा रहा था। आचार्य कोमल बच्चों को मालिश के बहाने अपने कक्ष में बुलाकर उनका यौन शोषण करता था एवं इस बात की



जानकारी किसी अन्य को देने से मना करते हुए धमकी भी देता था। यही नहीं जब कोई छात्र फोन माध्यम से अपने परिजनों से बातचीत कर रहा होता है तब आचार्य कोमल उनके सामने बैठकर यौन उत्पीड़न के बारे में परिजनों को नहीं बताने के लिए धमकी देता था तथा बालकों के साथ मारपीट भी किया करता था। घटना का खुलासा तब हुआ जब कुछ बच्चों के परिजन उनसे मिलने के लिए आश्रम पहुंचे। पीड़ित बच्चों ने उनके फोन के माध्यम से अपने परिचितों को पूरी जानकारी से अवगत कराया। बच्चों के परिजनों ने मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस में इसकी शिकायत की। चाइल्ड लाइन मे भी शिकायत दर्ज कराई गई। जिले की खल्लारी पुलिस द्वारा इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी आचार्य कोमल वैष्णव के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 325, 506 फोन 6 10, पास्को एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। करतूत उजागर होने के बाद से आश्रम से फरार आचार्य कोमल को पुलिस द्वारा महासमुंद से दबोच कर हिरासत में ले लिया गया है। एवं बाल विकास विभाग के बाल संरक्षण अधिकारी हेमराज चौधरी ने बताया कि शारीरिक शोषण की शिकायत के बाद बच्चों का कथन लिया गया है बच्चों ने बताया आचार्य कोमल ने उनका शारीरिक शोषण किया है अभी इस मामले को बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया जाएगा और आगे की कार्रवाई की जाएगी चार पांच बच्चों का कथन थे ये लिया गया है। खलारी थाना प्रभारी अशोक वैष्णव के अनुसार चाइल्ड केयर को इसकी सूचना दे दी गई है आरोपी घटना के बाद से फरार था जिसे महासमुंद से घेराबंदी कर पकड़ लिया गया है।

## एक नजर

### चंदन तस्कर हुआ गिरफ्तार वन परीक्षेत्र बिहारपुर का मामला 1 गिरफ्तार 4 हुए फरार

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



वन मंडल मनेंद्रगढ़ के अंतर्गत वन परीक्षेत्र बिहार पुर के हसदेव नर्सरी जंगल से चंदन के पेड़ काट कर ले जाने की फिराक में लगे एक चंदन तस्कर को वन विभाग के अमले ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली है वही मौके से चार अन्य भागने में सफल हो गए जिनकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। पूरे मामले की जानकारी देते हुए वन परीक्षेत्र अधिकारी बिहार पुर शंखमुनि पांडे ने बताया कि चंदन तस्कर रात को फेसिंग में लगी जाली को काटकर अंदर घुसे थे जैसे ही उन्हें इस बात की जानकारी मिली उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी वन मंडल अधिकारी लोकनाथ पटेल के निर्देश और अनुविभागीय अधिकारी वन के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम बनाकर जंगल में सर्चिंग अभियान चलाया गया सुबह लगभग 8 बजे वन अमले को देखकर चंदन तस्कर भागने लगे जिन्हें दौड़ाकर पकड़ने की कोशिश की गई और एक आरोपी को पकड़ लिया गया वहीं मौके का फायदा उठाकर 4 चंदन तस्कर भागने में सफल हो गए। पकड़े गए आरोपी का नाम बिलमिस पवार आ. कालेदास उम्र 34 वर्ष जाति बहेलिया निवासी शिवपुरा जिला डिंडोरी म.प्र. है। परीक्षेत्र अधिकारी ने आगे बताया कि आरोपी द्वारा अवैध रूप से चंदन के 9 नग वृक्ष हसदेव के कक्ष क्रमांक 768 में काटे गए हैं जिसमें 250 किग्रा चंदन की लकड़ी की जब्ती की गई है। अबे चंदन की कटाई का कार्य करने का व्यक्ति पूर्व से आदतन अपराधी है जिससे पर्यावरण को काफी नुकसान हुआ है। आरोपी के बयान के बाद उसके अन्य साथियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है जल्दी ही वे सभी भी पकड़ लिए जाएंगे आरोपी के विरुद्ध वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करके न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया है। संपूर्ण कार्यवाही में वन परिक्षेत्र अधिकारी बिहार पुर शंखमणि पांडे, डिप्टी रेंजर हीरा सिंह, दीपक सोनवानी, शाहबाज कामिल पवन केवट और चार चौकीदारों की सराहनीय भूमिका रही।

### चेम्बर भवन में अयोजित होगा विशाल हृदय सुरक्षा सेमिनार

**कोरबा** । जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज कोरबा के द्वारा विशाल नि:शुल्क हृदय सुरक्षा सेमिनार अयोजित कर रहा है जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज कोरबा अध्यक्ष योगेश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 जुलाई 2022 मंगलवार को शाम 4:00 बजे से रात्री 7:00 बजे तक जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स भवन डीडीएम रोड, कोरबा में विशाल नि: शुल्क हृदय सुरक्षा सेमिनार का आयोजन किया जायेगा।

इस सेमिनार में साओल हार्ट सेन्टर के डाक्टर चंदन शुक्ला मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होगे इसके साथ ही हृदयाघात से बचाव एवं उन्मूलन, बिना सर्जन हार्ट ब्लॉकेज का उपचार, जीवनशैली में परिवर्तन, स्टैऊस मैनेजमेंट एवं योग, जीरो ऑयल कुकिंग के तरीके, लो हार्ट पंपिंग को बढ़ाने के तरीके, बाईपास सर्जरी व एंजियोप्लास्टी का सुरक्षित विकल्प इसके साथ ही शिविर में नि:शुल्क बी.पी. एवं शुगर कि जांच होगी इस अवसर पर जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के महामंत्री विनोद अग्रवाल ने जानकारी देते हुए कहा कि जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के द्वारा इस शिविर में नये सदस्यों अभियान भी चलाया जा रहा है जिसमें जिले के जिन व्यापारीयों को सदस्यता लेनी है वे इस शिविर में आकर सदस्यता भी ले सकते है।

### 9 अगस्त को बिलासपुर में आदिवासी सम्मेलन

**बिलासपुर** । 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर प्रदेश के आदिवासी समाज का एक बड़ा सम्मेलन बिलासपुर में आयोजित करने की तैयारी हो रही है, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बिलासपुर के लिए एवं सम्मेलन में शामिल होने के लिए अपनी सहमति मिल चुकी है, सहमति मिलने के पश्चात आयोजकगण स्थल चयन एवं आयोजन को लेकर छ.ग.पर्यटन मण्डल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव से भेंट मुलाकात की और स्थल चयन को लेकर चर्चा की। चर्चा के दौरान साईंस कालेज मैदान पर आयोजन करने की सहमति बनी।

# कर्मचारियों की हड़ताल जारी



जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

विभिन्न कर्मचारी संगठनों की हड़ताल के चलते आज लगातार चौथे दिन भी सभी सरकारी कार्यालयों में ताले लटके रहे। दूसरी ओर सरकारी काम अटकने से ग्रामीणो में भारी नाराजगी देखी जा रही है। कर्मचारी संगठन अपनी दो सूत्रीय मांग को लेकर आज दूसरे दिन भी हड़ताल पर है। सभी कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से सभी कार्यालय एवम सरकारी स्कूल बंद है और इनके मुख्य द्वार पर ताला लटकता दिखाई दे रहा है। कर्मचारी केंद्रीय महंगाई भत्ता के बराबर भत्ता एवम गृह भत्ता देने में मांग पर काम बन्द कर हड़ताल कर रहे है।जनपद पंचायत परिसर में सैकड़ों की संख्या में तंबू लगा कर अधिकारी कर्मचारी बैठ कर सभा कर रहे है।

### कर्मियों को अधिकार याद परन्तु कर्तव्य भूल जाते हैं

दूसरी ओर कर्मचारी संगठनों की हड़ताल से सरकारी काम पूरी तरह ठप्प हो गया है। जिसका सीधा असर आम लोगो पर पड़ रहा है। एक ग्रामीण ने तहसील कार्यलय में काम नही होने की बात पर खासी नाराजगी व्यक्त करते हुए टिप्पणी की है कि अपने वेतन भत्ते के लिए कर्मी अपने अधिकारों को तो समझते है परन्तु अपने कर्तव्यों को भूल जाते है। ज्ञात हो कि सरकारी कार्यालयों में लगातार काम बन्द होने से ग्रामीणों को छोटे.छोटे काम के लिए परेशान होना पड़ रहा है।जिससे ये नाराजगी कभी भी उग्र रूप ले सकती है।याब ग्रामीण चाहते है कि शासन या तो इन्हें इनकी मुहमांगी सुविधा दे या इन पर सख्ती से कार्यवाही करें जिससे पूर्व से एक दिन कटौती के साथ खुल रहे कार्यालयों में अपने कामो के लिए ग्रामीणों को भटकना न पड़े।

# सड़क दुर्घटना में कमी लाने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

## यातायात नियमों का पालन करने कलेक्टर ने की आम नागरिकों से अपील

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

**कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष बेमेतरा में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि मानव जीवन अनमोल हैए उन्हाने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों का पालन करने की अपील आम नागरिकों से की, जिससे वाहन दुर्घटना मे कमी लायी जा सके।**



जिलाधीश ने कहा कि सड़कों पर आवारा मवेशी बैठे या घूमते पाये जाने पर संबंधित जनपद पंचायत के सीईओं एवं नगरीय निकाय के सीएमओ के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। बैठक में ब्लैक स्पॉट की पहचान, सुधार हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा नियत प्रोटोकाल, कैलेण्डर के अनुसार कार्यवाही,सड़कों का यातायात संकेतक का पालन करने, चेतावनी, ट्रेफिक कॉलिंग, ड्रायविंग में विचलित करने वाले होर्डिंग्स हटाया जाना, फुटपाथ, पार्किंग, सर्विस लेन आदि से अतिक्रमण हटाना, दुर्घटनाओं के कारण, स्कूल बस की जांच की समीक्षा कर उपचारात्मक कार्यवाही करने निर्देश दिए। पुलिस विभाग द्वारा लोगों को हेलमेट लगाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने एवं अन्य ट्रैफिक नियमों के पालन की कार्यवाही तथा खतरनाक तरीके से वाहन चालन हेतु ड्रायविंग लायसेस निलंबन की कार्यवाही के संबंध में चर्चा की गई। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि बेमेतरा जिले में पिछले छः माह की अवधि के दौरान सड़क दुर्घटना से 117 लोगों की मृत्यु हुई है। पुलिस अधिक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने ट्रैफिक नियमों का पालन करने तथा खतरनाक तरीके से वाहन चलाने हेतु ड्रायविंग लाईसेस की निलंबन की कार्यवाही, दुर्घटना के शिकार हुए लोगों को तत्काल मदद् चिकित्सा हेतु प्रबंध के संबंध में जानकारी दी। कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग ने बताया कि बेमेतरा जिले में शासकीय पीजी कॉलेज, कारेसरा चौंक एवं कोबिया तिराहा बेरला मोड़, खर्रा मोड़, झुलना मारो मोड,को ब्लैक स्पॉट के रुप मे चिन्हित किया गया है।

बैठक में दुर्घटनाओं के शिकार हुए लोगों की तत्काल मदद, चिकित्सा हेतु प्रबंध, जिला सड़क सुरक्षा समिति गठन संबंधी अधिसूचना में दिए गए बिंदुओं का पालन, जिले में विभिन्न विभागों एजेंसियों के समन्वय से यातायात नियमों के पालन, सड़को पर सामान नही फैलाने, शिक्षा एवं जागरूकता एवं बेहतर व सुरक्षित यातायात हेतु अन्य आवश्यक उपाय पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ लीना कमलेश मण्डावी, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, एएसपी पंकज पटेल, जिला परिवहन अधिकारी अरविंद भगत, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, उप पुलिस अधीक्षक यातायात, कमल नारायण शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# चेक ब्लेजर में किलर लुक में नजर आ रही हैं तापसी पन्नू

एक्ट्रेस तापसी पन्नू सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. तापसी अपनी आने वाली फिल्म मिट्ठू को लेकर खूब सुर्खियों में हैं. ये भारतीय महिला क्रिकेटर मिताली राज की बायोपिक है. तापसी सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी पिक्चर शेयर करती रहती हैं. जिसमें वह अलग-अलग लुक में नजर आती हैं. इस बार वह बोल्ड लुक में दिखाई दे रही हैं. एक ब्लेजर में वह किलर लुक में नजर आ रही हैं.

तापसी अपनी इस लेटेस्ट फोटोज में नीचे बैठी हुई किलर लुक देते हुए नजर आ रही हैं. इन फोटो में उनके पैर में एक टैटू भी नजर आ रहा है. कर्ली हेयर और ब्लेजर में तापसी काफी बोल्ड लुक में नजर आ रही हैं. तासपी ने इंस्टाग्राम पर अपनी फोटोज शेयर की किया है. इसमें वह गॉर्जियस लग रही हैं. वह चेक ब्लेजर में बोल्ड लुक देते हुए नजर आ रही हैं. कर्ली हेयर में वह किलर लुक में दिखाई दे रही है. तापसी के इस फोटेज को महज दो घंटों में 36 हजार से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं. उनके फैंस इनके इन बोल्ड लुक को देखकर उनके दीवाने हो गए हैं और वो जमकर कमेंट्स कर रहे हैं

# गंदी बात फेम अन्वैषी जैन ने शेयर की बोल्ड फोटो



एकता कपूर की वेबसीरीज़ गंदी बात फेम अन्वैषी जैन ने इंस्टाग्राम पर नई फोटो शेयर की है. इस तस्वीर में वो अपने किलर लुक से तहलका मचा रही है. अन्वैषी का की अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है. एक्ट्रेस अन्वैषी हर लुक में कहर ढाती हैं. उन्होंने कई तस्वीरों में अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट किया है. एक्ट्रेस का इंस्टाग्राम अकाउंट बोल्ड तस्वीरों से भरा हुआ है. अन्वैषी के अंदाज के लोग इतने दीवाने हैं कि सोशल मीडिया पर उनके नाम से कई फैन पेज बन गए हैं, जहां उनकी तस्वीरें शेयर की जाती हैं.

हॉटनेस के मामले में अन्वैषी जैन बॉलीवुड हसीनाओं को भी टक्कर देती हैं और इसका सबूत है उनकी तस्वीरें, जो इन दिनों सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं. फेमस वेब सीरीज गंदी बात से लाइम लाइट में आई एक्ट्रेस अन्वैषी जैन अन्वैषी ने एक इंटरव्यू में बताया कि उनके घर में पहनावे को लेकर. रहन-सहन को लेकर काफी रेस्ट्रीक्शन थे. ये नहीं पहनना. वो नहीं पहनना. सिर्फ सलवार सूट पहनो. लेकिन टॉम ब्वॉय की तरह थी. बाल भी मैंने वैसे ही कटा रखे थे. लड़के जब घूर कर देखते थे तो मन करता था कि उन्हें पकड़कर पीट दूं. कई बार मुझे लगता था कि काश मैं लड़का होती. अन्वैषी ने स्वीकार किया कि जिस फिगर की वजह से उनमें हीन भावना थी उसी की वजह से इंडस्ट्री में एक्ट्रेस को काम मिला.

# माशूका वीडियो में रकुल प्रीत का जलवा, मोशन पोस्टर आउट



रकुल प्रीत सिंह माशूका के म्यूजिक वीडियो में अपनी मुख्य भूमिका से अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। म्यूजिक लेबल जस्ट म्यूजिक ने मोशन पोस्टर के साथ माशूका गाने की घोषणा की। तीन भाषाओं में बने इस गाने में असीस कौर, आदित्य अयंगर और देवांश शर्मा उर्फ विरस ने अपनी आवाज दी है।

वीडियो का निर्देशन चरित देसाई ने किया है। अपने सोशल मीडिया हैंडल पर, म्यूजिक लेबल ने रकुल प्रीत सिंह का एक मोशन पोस्टर साझा किया, और क्रमशः 26 जुलाई, 27 और 1 अगस्त को हिंदी, तेलुगु और तमिल में गाने की रिलीज की तारीखों की घोषणा की।

पोस्टर में, रकुल एक शानदार, पहले कभी न देखे गए अवतार में दिखाई दे रही है, जिसे दर्शकों से काफी प्रशंसा मिल रही है। जस्ट म्यूजिक को पहली मुलाकत और अल्लाह वे जैसे गाने बनाने के लिए जाना जाता है।

लेबल में कुछ प्रतिष्ठित एकल भी शामिल हैं, जिनमें टाइगर श्रॉफ के साथ वंदे मातरम, आलिया भट्ट के साथ प्रादा और अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, आयुष्मान खुराना, कृति सनोन, विक्की कौशल और तापसी पन्नू के साथ मुस्कुराएगा इंडिया शामिल हैं।

## खेल

मास्टरकार्ड होगा BCCI का नया टाइटल स्पॉन्सर

# भारत में होने वाली सभी घरेलू और इंटरनेशनल सीरीज के लिए पेटीएम की जगह लेगा मास्टरकार्ड



**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सितंबर में होने वाली घरेलू सीरीज से टीम इंडिया की टाइटल स्पॉन्सर पेटीएम की जगह मास्टर कार्ड होगा। दरअसल पेटीएम ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) से अपने अधिकार मास्टरकार्ड को देने का अनुरोध किया था। पेटीएम के इस अनुरोध को BCCI ने स्वीकार कर लिया है।

2019 में BCCI ने पेटीएम के भारत में अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट के मैचों के टाइटल स्पॉन्सर को चार साल के लिए बढ़ाया था। पेटीएम को साल 2019 से 2023 तक टाइटल स्पॉन्सरशिप के लिए 326.80 करोड़ रुपये देने थे। प्रति मैच यह डील 3.80 करोड़ रुपये की थी। इससे पहले यह राशि 2.4 करोड़ रुपये प्रति मैच थी।

इस साल सितंबर में पहले ऑस्ट्रेलिया और उसके बाद साउथ अफ्रीका के खिलाफ होने वाली घरेलू सीरीज में मास्टर कार्ड टाइटल स्पॉन्सर होगा। अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम सितंबर में भारत का दौरा करेगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत में तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी। सीरीज का पहला मैच 20 सितंबर को मोहाली में, दूसरा मैच 23 सितंबर को नागपुर और आखिरी मैच 25 सितंबर को हैदराबाद में खेला जाएगा।

वहीं ऑस्ट्रेलिया के बाद साउथ अफ्रीकी टीम भारत का दौरा करेगी। साउथ अफ्रीका यहां पर तीन टी-20 और 3 वनडे मैचों की सीरीज खेलेगी। पहला टी-20 मैच 28 सितंबर को त्रिवेंद्रम, दूसरा टी-20 1 अक्टूबर को गुवाहटी और तीसरा टी-20 मैच 3 अक्टूबर को इंदौर में खेला जाएगा। वहीं पहला वनडे मैच 6 अक्टूबर को रांची, दूसरा मैच 9 अक्टूबर को लखनऊ और तीसरा वनडे मैच 11 अक्टूबर को दिल्ली में खेला जाएगा।

### बायजूस पर है 86.21 करोड़ बकाया

वहीं दूसरी तरफ टीम इंडिया की जर्सी के प्रायोजक बायजूस पर BCCI का 86.21 करोड़ रुपये बकाया है। इस साल अप्रैल में ही एडटेक कंपनी बायजूस और BCCI ने अपनी साझेदारी भारत में होने वाले 2023 वनडे वर्ल्डकप के अंत तक बढ़ाने पर सहमति जताई थी जिसमें 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई थी।

# हर बार प्रशंसकों की उम्मीदों पर खरा उतरना आसान नहीं : मीराबाई चानू

नई दिल्ली । टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू को लगता है कि उनके लिए हर बार प्रशंसकों की उम्मीदों पर खरा उतरना आसान नहीं है।



मणिपुर की 27 वर्षीय वेटलिफ्टर ने उम्मीद जताई कि वह आगामी राष्ट्रमंडल खेलों में अपने प्रदर्शन से लोगों को निराश नहीं करेंगी।

भारत 1990, 2002 और 2018 में वेटलिफ्टिंग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला रहा है और चानू के नेतृत्व वाली 15 सदस्यीय मजबूत टीम फिर से बर्मिंघम में अपनी जीत की लय को दोहराने की उम्मीद कर रही है।

मीराबाई ने गोल्ड कोस्ट में 2018 सीडब्ल्यूजी में स्वर्ण पदक जीतकर रिकॉर्ड तोड़ा। अब उनकी निगाहें इस बार भी स्वर्ण पदक जीतने पर होंगी, खास कर उनके टोक्यो प्रदर्शन देखने के बाद।

भारत में टॉप एथलीटों में से एक, मीराबाई ने आगामी इवेंट में एक और शानदार प्रदर्शन के साथ देश को गौरवान्वित करने का संकल्प लिया है।

मीराबाई चानू ने कहा, मुझे पता है कि फैंस क्या चाहते हैं। मैं राष्ट्रमंडल खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने की पूरी कोशिश करूंगी। मैंने अपने प्रशिक्षण पर बहुत काम किया है।

## एक नजर

# करना चाहते थे आत्महत्या, अब विश्व चैंपियनशिप में जीता पदक



**यूजीन ।** विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 400 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतने वाले ब्रिटेन के मैथ्यू हडसन-स्मिथ ने खुलासा किया है कि वह कोरोना महामारी के दौरान चोट, कर्ज और अकेलेपन के कारण मानसिक तनाव से जूझ रहे थे और आत्महत्या करना चाहते थे। हडसन-स्मिथ ने 44.66 सेकंड में दौड़ को पूरा करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि अमेरिका के माइकल नॉर्मन और ग्रेनाडा के किरानी जेम्स क्रमशः पहले व दूसरे स्थान पर रहे।

हडसन-स्मिथ ने विश्व चैंपियनशिप में ब्रिटेन का चौथा पदक जीतने के बाद कहा, मैं 2021 में बुरी तरह मानसिक तनाव से जूझ रहा था। यह बात बहुत लोगों को नहीं पता है, लेकिन मैंने आत्महत्या करने की कोशिश तक की थी।

# बीसीसीआई ने अंपायरों के लिए शुरू की ए प्लस श्रेणी

**मुम्बई ।** आईसीसी एलीट पैनल के सदस्य नितिन मेनन उन दस अधिकारिक लोगों में शामिल हैं जिन्हें बीसीसीाई के अंपायरों की नई शुरू की गई ए प्लस श्रेणी में शामिल किया गया है। अन्य में जो चार अंतर्राष्ट्रीय अंपायर शामिल हैं वह हैं अनिल चौधरी, मदनगोपाल जयरामन, वीरेंद्र शर्मा और केएन अनंतापद्मनाभन। रोहन पंडित, निखिल पटवर्धन, सदाशिव अय्यर, उल्हास गांधे और नवदीप सिंह सिद्धू भी ए प्लस श्रेणी का हिस्सा हैं। सी शमशुद्दीन सहित 20 अंपायर ए ग्रुप में हैं, जबकि ग्रुप बी में 60, ग्रुप सी में 46 और ग्रुप डी में 11 अंपायर हैं, जो 60-65 आयु वर्ग में आता है। पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अंपायर के हरिहरन, सुधीर आसनानी और अमीश साहेबा और बीसीसीआई अंपायरों की उप-समिति के सदस्यों द्वारा किए गए कार्यों के बाद गुरुवार को एपेक्स काउंसिल की बैठक में पूरी सूची पेश की गई। ए प्लस और ए श्रेणी वाले अंपायरों को प्रथम श्रेणी मैच के लिए प्रतिदिन 40,000 रुपये का भुगतान किया जाएगा, जबकि बी और सी श्रेणी वाले अंपायरों को प्रति दिन 30,000 रुपये मिलेंगे। हालांकि सूची को अंपायरों के उन्नयन के रूप में प्रस्तुत किया गया था, बीसीसीआई के एक अधिकारी ने स्पष्ट किया कि बोर्ड ने ग्रुप्स बनाए हैं।



गुस्ताव ने सबसे कम उम्र में लगाई टी-20 सेंचुरी

# फ्रांस के बैटर ने वर्ल्ड कप क्वॉलिफायर में बनाया रिकॉर्ड, 61 गेंद में 109 रन जड़े



फ्रांस के सलामी बल्लेबाज गुस्ताव मैक्योन टी-20 में सबसे कम उम्र में शतक जमाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने यह कारनामा स्विटजरलैंड के खिलाफ ICC T-20 वर्ल्ड कप 2024 के यूरोपीय क्वॉलिफायर मैच के दौरान किया। गुस्ताव ने 18 साल 280 दिन की उम्र में स्विटजरलैंड के खिलाफ 61 गेंद में 109 रन की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और 9 छक्के भी जड़े। यह उनका दूसरा ही अंतरराष्ट्रीय मुकाबला था। इससे पहले, उन्होंने चेक रिपब्लिक के खिलाफ अपने डेब्यू टी-20 में 54 गेंद में 76 रन की पारी खेली थी।

टी-20 में सबसे कम उम्र में शतक लगाने का रिकॉर्ड अफगानिस्तान के हजरतुल्लाह जाजई के नाम था। अफगानिस्तान के ओपनर जाजई ने 2019 में आयरलैंड के खिलाफ 20 साल 337 दिन में सेंचुरी बनाई थी। तब जाजई ने महज 62 गेंद में नाबाद 162 रन बनाए थे।

### फ्रांस को मिली हार

गुस्ताव का स्विटजरलैंड के खिलाफ बनाया गया शतक बेकार गया। उनकी शतकीय पारी टीम के काम नहीं आई। इस मैच को स्विटजरलैंड ने एक विकेट से जीत लिया। इस मैच में फ्रांस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 157 रन बनाए। टीम के लिए सलामी बल्लेबाज गुस्ताव ने 61 गेंद में 109 रन की पारी खेली।

नीरज चोपड़ा कॉमनवेल्थ गेम्स से बाहर

# वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में लगी थी चोट, एक महीने रेस्ट करेंगे, अब कॉमनवेल्थ में रोहित यादव फेंकेंगे भाला




24 जुलाई को वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जेवलिन फाइनल के दौरान नीरज चोपड़ा को चोट लगी थी। इसके बावजूद उन्होंने भाला फेंका और सिल्वर मेडल जीता।

ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा चोट के चलते कॉमनवेल्थ गेम्स में नहीं खेल पाएंगे। यह इवेंट 28 जुलाई से शुरू हो रहा है। नीरज चोपड़ा को वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जेवलिन फाइनल के दौरान चोट लगी थी। फाइनल के दौरान नीरज चोपड़ा अपनी जांघ पर पट्टी लपेटते भी नजर आए थे।

इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी राजीव मेहता ने नीरज के कॉमनवेल्थ में न खेलने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि WAC के फाइनल के दौरान उन्हें इंजरी आई थी। वे अभी भी फिट नहीं है। तस्वीर 24 जुलाई की है, जब वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में नीरज चोपड़ा ने 88.13 मीटर तक भाला फेंका और सिल्वर मेडल जीता। तस्वीर 24 जुलाई की है, जब वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में नीरज चोपड़ा ने 88.13 मीटर तक भाला फेंका और सिल्वर मेडल जीता। वर्ल्ड एथलेटिक्स इवेंट के बाद नीरज चोपड़ा का MRI स्कैन हुआ था, जिसमें ग्रोइन एंजरी की बात पता लगी है। ऐसे में नीरज चोपड़ा को करीब एक महीने का आराम की सलाह दी गई है।

# आंदोलन से आम लोगों को हो रही समस्या, सरकारी काम धाम ठप्प

**बिलासपुर** । अधिकारी-कर्मचारियों की पांच दिवसीय हड़ताल शुरू होते ही सरकारी कार्यालयों में काम काज बंद पड़ा है। मंगलवार को शहर व ग्रामीण क्षेत्र के लोग राजस्व कार्यालय, तहसील, कलेक्टर कार्यालय, रजिस्ट्री, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग काम करवाने पहुंचे, लेकिन सभी कार्यालय बंद मिले। इसके कारण किसी भी व्यक्ति का कोई काम नहीं हो सका। आंदोलन करने वाले अधिकारी-कर्मचारी सुबह से नेहरू चौक स्थित धरना स्थल पर पहुंच गए। अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ खूब नारेबाजी कर रहे हैं। सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया जा रहा है। महंगाई भत्ता व सातवें वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ते की मांग कर रहे हैं। जिले में पहली बार छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन समेत सभी संगठन एक मंच पर आंदोलन कर



रहे हैं। इसके कारण कामकाज पूरी तरह प्रभावित हो गया है। आज भी अधिकांश स्कूलों के बच्चे पढ़ाई करने के लिए स्कूल पहुंचे। लेकिन स्कूल बंद मिला। इसके बाद बच्चे वापस लौट गए। प्राइमरी व मिडिल स्कूलों में माध्यान्ह भोजन खाने के बाद बच्चे कुछ समय तक खेलें। फिर वे भी अपने-अपने घर चले गए।

### सरकार को राजस्व का नुकसान

धरना प्रदर्शन में कलेक्ट्रेट, कमिश्नर ,जिला पंचायत, पंजीयन, ट्रेजरी, आबकारी, पीडब्ल्यूडी, जल संसाधन, समाज कल्याण, आदिवासी विकास ,शिक्षा विभाग, पशु चिकित्सा, कृषि, स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, महिला बाल विकास, इंजीनियरिंग, पालिटेक्निक, रोजगार कार्यालय, जीएसटी, नगर निगम, पेंशन कोष लेखा, रेशम, उद्योग, विभिन्न् कालेज समेत अन्य कार्यालयों के अधिकारी कर्मचारियों के शामिल होने से शासन को लाखों रुपए का राजस्व घाटा हो रहा है।

### ये है आंदोलन की वजह

*अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के नेतृत्वकर्ताओं का कहना है कि प्रदेश के अधिकारी व कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के तहत न तो महंगाई भत्ता दिया जा रहा है और न ही भाड़ा भत्ता। इससे कर्मचारी व अधिकारियों को प्रत्येक माह चार हजार से 10 हजार रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है। लंबे समय से मांग पूरी नहीं होने और सरकार के उदासीनता के कारण संघ को आंदोलन करने के लिए विवश होना पड़ा।*

# वादाखिलाफी से त्रस्त कर्मचारी संगठनों ने ली भूपेश सरकार को उखाड़ने की शपथ - ओपी चौधरी



जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कर्मचारी संगठन द्वारा वादाखिलाफी से त्रस्त होकर भूपेश सरकार को उखाड़ फेंकने का शपथ लेते हुए वीडियो जारी करते हुए भाजपा नेता ओपी चौधरी ने कहा विधान सभा चुनाव के पहले कांग्रेस ने लिखित में वादा किया था कि सरकार बनने के दस दिनों के अंदर एक लाख अस्सी हजार दैनिक वेतन भोगी और अनियमित संविदा कर्मचारियों का नियमितिकरण कर देगी द्य लेकिन आज सरकार गठन के चार वर्ष बाद भी कोई बात करने तक को तैयार नहीं है। यही वजह है कि कर्मचारी संगठन 2023 में कांग्रेस की सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेने के लिए विवश हो रहे द्य सरकार अधिकांश वादों को पूरा करने के असफल रही है द्य सरकार की इस वादाखिलाफी को लेकर हर वर्ग में असंतोष की स्थिति है द्य प्रदेश की जनता भी सरकार की वादाखिलाफी से त्रस्त होकर उखाड़ फेंकने का संकल्प कर चुकी है।

## एक नजर

### दुष्कर्म पीड़िता की पहचान उजागर करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

**बिलासपुर** ।दुष्कर्म के आरोपित के कर्मचारी ने पीड़िता की पहचान उजागर की। साथ ही महिला पर रुपये मांगने का आरोप लगाया। आरोपित ने इंटरनेट मीडिया में दुष्कर्म पीड़िता की फोटो प्रसारित कर दी। पीड़िता ने इसकी शिकायत सिविल लाइन थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन



क्षेत्र में रहने वाली युवती ने बीते दिनों दुष्कर्म की शिकायत की थी। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। इसकी जानकारी होने पर आरोपित अपने ठिकाने से फरार हो गया है।

इधर आरोपित के कर्मचारी ने पीड़िता की फोटो इंटरनेट मीडिया में डाल दी। इसके साथ ही उसने दुष्कर्म पीड़िता की पहचान उजागर करते हुए रुपये मांगने का भी आरोप लगाया। पीड़ित को इसकी जानकारी हुई तो उसने मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपित की पहचान ऋषि शर्मा(28) निवासी भैंसो जिला जांजगीर-चांपा के रूप में की। इसके बाद उसने मामले की शिकायत सिविल लाइन थाने में की है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### एबीवीटीपीएस में 526 व्यक्तियों को लगाया गया कोविड-19 के बूस्टर डोज

**कोरबा** । आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र (एबीवीटीपीएस) मड़वा में 18 वर्ष से अधिक उम्र के 526 व्यक्तियों को निःशुल्क कोविड-19 बूस्टर डोज लगाया गया। इनमें 484 कोविशील्ड एवं 42 डोज को-वैक्सीन के शामिल हैं। मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रेरित करने के लिए प्राथमिकता के साथ बूस्टर डोज लगवाया। विद्युत संयंत्र के व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र, सीएचपी परिसर, तकनीकी भवन और विद्युत संयंत्र अस्पताल में बूस्टर डोज लगाने का प्रबंध किया गया था।

# बिलासपुर में शराब दुकान पर खुल्ले पैसे को लेकर हुआ विवाद, कर्मचारी की कर दी पिटाई

**बिलासपुर** । रविवार की दोपहर शराब दुकान में चिल्हर को लेकर युवक का सेल्समैन से विवाद हो गया। इसके बाद युवक ने रात आठ बजे अपने साथियों के साथ शराब दुकान में घुसकर मारपीट की। मारपीट से घायल सुपरवाइजर ने इसकी शिकायत कोनी थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। रतनपुर क्षेत्र के लखराम में रहने वाले दुर्गा प्रसाद केंवट पौंसरा शराब दुकान में सुपरवाइजर हैं। रविवार की दोपहर शराब दुकान में चिल्हर के नाम पर सेल्समैन का एक व्यक्ति से विवाद हो गया।

इसके बाद वह व्यक्ति शराब लेकर चला गया था। रात आठ बजे वह अपने साथियों के साथ दुकान में आया। उसने दोपहर हुए विवाद को लेकर शराब



दुकान के सुपरवाइजर से गाली-गलौज की। इसका विरोध करने पर छह-सात लोग शराब दुकान के अंदर घुस गए। उन्होंने सुपरवाइजर की पिटाई शुरू कर दी। मारपीट के बीच दुकान के कर्मचारी यशवंत कुंभकार, सेल्समैन सुमित कैवर्त बीच-बचाव करने आए। युवकों ने उनकी भी पिटाई कर दी। इस दौरान वहां सैल्समैन अनिल यादव, भोजेश्वर कुंभकार और गार्ड योगेश पटेल भी मौजूद थे। उन्होंने किसी तरह बीच-बचाव किया। मारपीट से घायल सुपरवाइजर ने इसकी शिकायत कोनी थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### धारदार हथियार लेकर घुसे थे आरोपित, मामूली धाराओं में कार्रवाई

रविवार की रात पौंसरा की शराब दुकान में युवक धारदार हथियार लेकर घुसे थे। युवकों ने दुकान के एक कमरे में बचने के लिए छिपे कर्मचारी की जमकर पिटाई की। मारपीट की पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। दुकान के सुपरवाइजर ने घटना का सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंप दिया है। इसके बाद भी कोनी पुलिस ने मामूली धाराओं में जुर्म दर्ज कर किया है।

# कर्मचारी हड़ताल पर, दफ्तरों में तालाबंदी

### शिक्षक भी लामबंद, केंद्र के समान भत्ता देने की मांग, मांगें जायज ठहराते माओवादियों ने भी समर्थन में जारी किया पत्र

**बीजापुर** । केंद्रीय कर्मचारियों के समान डीए( महंगाई भत्ते) और एचआरए( मकान किराया भत्ता) की मांग को लेकर सोमवार से जिलेभर के कर्मचारियों ने प्रदेशव्यापी आंदोलन का समर्थन करते हुए हड़ताल शुरू कर दी है। नतीजतन कलेक्टोरेट समेत तमाम दफ्तरों में पहले ही दिन सन्नाटा पसरा रहा। हड़ताल के चलते कार्यालयीन समय में जरूरी काम निपटाने पहुंचे लोगों को बैरंग लौटना पड़ा। स्कूलों में भी एक सा आलम देखने को मिला। कर्मचारियों की यह हड़ताल 25 से 29 जुलाई तक है। इसके बाद 30 जुलाई को शनिवार और 31 को रविवार का अवकाश है। षिक्षक पहले से ही हड़ताल पर हैं। इसलिए स्कूलों में भी बच्चों को पांच दिन मिड डे मिल नहीं मिलेगा।

कर्मचारी-अधिकारी संघ जिला ईकाई के सचिव कैलाश रामटेके ने बताया कि केंद्र सरकार के कर्मचारियों को 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाता है। जबकि राज्य कर्मचारियों को महज 22 फीसदी ही मिलता है। हड़ताल पर आमादा कर्मचारी संगठन, शिक्षक संघ और पटवारी संघ भी शामिल है। बहरहाल कर्मचारियों की इस हड़ताल से बहुत सी सेवाएं बाधित हो गई है।

# बतौर विपक्ष सराहनीय रहा नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी का कार्यकाल

### दो वर्षो के कार्यकाल में बढ़ा सियासी कद

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

नगर निगम रायगढ़ में नेता प्रतिपक्ष की कमान संभालने वाली चर्चित भाजपा नेत्री पूनम सोलकी का दो वर्षीय कार्यकाल शानदार रहा इस दौरान पूनम सोलंकी का सियासी कद भी बढ़ा द्य बतौर विपक्ष पूनम सोलंकी के हमलावर तेवरों से सत्ता धारी दल कांग्रेस हलाकान रही द्य नटवर स्कूल बचाओ हेतु संघर्ष मोर्चा की टीम में पूनम के कदम ताल ने प्रशासन के लिए सरदर्द का कारण बढ़ी द्य जिला भाजपा के कार्यक्रमों के पूनम की बढ़ चढ़ के सहभागिता ने भी पूनम सोलंकी के उज्ज्वल राजनैतिक भविष्य की संभावनाओं को स्वर्णिम बना दिया द्य पार्षदों को एकजुट करने में भी पूनम सोलंकी की भूमिका सराहनीय रही द्य खराब सड़को को लेकर आम आदमी का बीमा कराए जाने के मामले में उनके बयान के उन्हे चर्चा में लाया द्य आम जनता को पूनम के अंदर छिपी मजबूत राजनैतिक संभावनाओं नजर आ रही द्य नगर निगम में भी पूनम की कार्यशैली सदा चर्चा का केंद्र रही है द्य पूनम सोलंकी के कार्यों का लाभ भाजपा को आगामी विधान सभा चुनाव के दौरान मिलने की संभावना से कतई इंकार नहीं किया जा सकता।

राशन दुकान से खरीदे गए बारदाने का भुगतान अभी तक नहीं हुआ

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदने से पहले राज्य सरकार बीते तीन वर्षों से प्रदेशभर के राशन दुकानदारों से खरीदती है पुराना बारदाना

बिलासपुर । समर्थन मूल्य पर धान खरीदने से पहले राज्य सरकार बीते तीन वर्षों से प्रदेशभर के राशन दुकानदारों से पुराना बारदाना खरीदती है। खरीदी के एवज में राशि का भुगतान नहीं कर रही है।

बारदाना खरीदने से पहले कीमत भी तय कर दिया है। प्रति बारदाना 12 से 15 रुपये तय की गई है। तीन वर्ष से बारदाना खरीदी करने वाली सरकार की एजेंसियों ने उचित मूल्य दुकान



संचालकों को राशि का भुगतान ही नहीं किया है। बिलासपुर जिले के दुकानदारों को चार करोड़ 32 रुपये का भुगतान करना है। यह राशि अब तक नहीं मिली है।

जूट कमिश्नर कोलकाता द्वारा राज्य शासन को तय मांग के अनुरूप बारदाना की आपूर्ति ना करने के कारण राज्य सरकार द्वारा बीते तीन वर्ष से राशन दुकानों से पुराने बारदाना की खरीदी की जा रही है। इसके लिए दुकानदारों को बाजार में बारदाना ना बेचने का निर्देश जारी कर दिया है। खा और मार्कफेड के अधिकारी उचित मूल्य दुकानों से बारदाना उठा लेते हैं। इसकी गिनती भी की जाती है। किस दुकान से कितनी बारदाना की आपूर्ति की जा रही है इसकी सूची भी बनी हुई है। आपूर्तिकर्ता उचित मूल्य दुकान संचालकों की दो स्तर पर सूची बनी हुई है। खाद्य विभाग के अलावा जिला विपणन संघ के पास भी सूची है। बीते तीन वर्ष से बारदाना की खरीदी की जा रही है। उचित मूल्य दुकान संचालकों को राशि का भुगतान अब तक नहीं किया गया है।

### किसानों को भी नहीं राशि

*धान खरीदी के दौरान बारदाना संकट गहराने पर किसानों के बारदानों में भी खरीदी की जा रही है। किसान औने-पौने दाम पर बाजार से बारदाना खरीद कर अपनी उपज समिति में ले जाते हैं। समिति बारदाना की राशि अलग से देने का वायदा कर किसानों से उनके बारदाने में धान की तौलाई कर ली जाती है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के एवज में राशि किसानों के बैंक खाते में तो जमा कराई जा रही है। बारदाना का हिसाब समिति द्वारा नहीं दिया जा रहा है। किसानों को अब तक बारदाना की राशि नहीं मिल पाई है। उचित मूल्य दुकानदारों की तरह किसानों का भी यही हाल है। किसानों को आजतलक बारदाना की राशि नहीं मिल पाई है।*

# 84वें वर्षगांठ पर सीआरपीएफ ने किया स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

### क्षेत्रीय ग्रामीणों सहित लगभग दो सौ अधिकारी और जवानों ने कराया कार्डियक टेस्ट

**जगदलपुर।** केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 84 वें वर्षगाँठ समारोह मनाने के क्रम में 241 बस्तरिया बटालियन के द्वारा 26 जुलाई को सेडवा स्थित बटालियन मुख्यालय के कैम्प परिसर में SMC heart Institute and IVF Research Centre Raipur की सहयोग से कार्डियों चेक-अप का आयोजन किया गया। इस कार्डियक चेक- अप शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि पदमा कुमार ए. 241 बस्तरिया बटालियन के कमाण्डेन्ट द्वारा किया गया इस अवसर पर 241 वस्तरिया बटालियन के अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी व जवानो ने उत्साह के साथ और बल की परम्पराओ के अनुसार भाग लिया। कार्डियक चेक अप शिविर का



आयोजन 241 बटालियन, द्वारा SMC heart Institute and IVF Research Centre Raipur से आये हुए वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सितानशु शेखर मोहनती (डीएम कार्डियों) एवं उनकी टीम के साथ 241 बस्तरिया बटालियन के चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामकृष्ण मिश्रा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं डॉ. वर्षा रोज ऑ जोन, चिकित्सा अधिकारी की उपस्थिति में किया गया। इस कार्डियक चेक अप शिविर कार्यक्रम में अखलेश प्रसाद सिंह (डीआईजी कोबरा), पदमा कुमार ए. 241 यस्तरिया बटालियन कमाण्डेन्ट के साथ द्वि0क0 अधिकरी श्री श्रीकुमार बारा उप कमाण्डेट विशाल वैबव, डॉ. रामकृष्ण मिश्रा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं डॉ. वर्षा रोज ऑ जोन, चिकित्सा अधिकारी और इस वाहिनी के कुल 150-200 अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवानों तथा उनके परिवारो ने अपनी स्वेच्छा से कार्डियक चेक-अप करवाया और आस-पास के गांव सेड़वा, राजूर, कोयापाल के ग्रमीणों का भी इस शिविर में चेक-अप किया गया।



# कमिश्नर ने की विधायक निधि से स्वीकृत कार्यों में प्रगति की समीक्षा

### बड़ी संख्या में स्वीकृत कार्य शुरु नहीं होने पर जताई नाराज़गी

बिलासपुर । कमिश्नर डॉ संजय अलंग ने आज विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत स्वीकृत कामों की प्रगति की समीक्षा की।

डॉ. अलंग ने स्वीकृति के बाद भी बड़ी संख्या में अब तक काम शुरू नहीं किए जाने पर नाराज़गी जाहिर की। उन्होंने कहा कि यदि कोई काम विवाद अथवा अन्य कोई कारण से प्रारंभ किया जाना संभव नहीं है, तो उसे निरस्त कर संबंधित विधायक की अनुशंसा से दूसरा काम लिया जाए। किसी भी हालत में स्वीकृत हो चुके कार्यों को लंबित नहीं रखा जाए। बैठक में डिप्टी कमिश्नर अर्चना मिश्रा सहित संभाग के सभी जिलों के योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी उपस्थित थे।



**चार सालों में 205 करोड़ रुपए के 5261कार्य स्वीकृत**

**हर साल प्रत्येक विधायक को विकास कार्यों के लिए मिलते हैं 4 करोड़ रुपए**

उल्लेखनीय है कि बिलासपुर संभाग के अंतर्गत शामिल 6 जिलों में 24 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2022-23 से योजना के अंतर्गत एक साल में विकास कार्यों के लिए 4 करोड़ की राशि प्राप्त होती है। इसके पहले हर साल 2 करोड़ रुपए मिला करती थी। बैठक में बताया गया की वर्ष 2018 -19 से लेकर 2022-23 तक चार सालों में 205 करोड़ रुपए की लागत से 5261 काम स्वीकृत किए गए। इनमें से 3526 काम पूर्ण, 898 प्रगति में और 808 काम अभी तक शुरु नहीं हो पाए हैं। आमतौर पर सिसी रोड, अतिरिक्त कमरा, सामुदायिक भवन, रंगमंच जैसे छोटे -छोटे काम स्थानीय विधायकों की सिफारिश पर मंजूर किए जाते हैं। डॉ.अलंग ने स्वीकृत कामों को तेज गति से पूर्ण करने को कहा है। उन्होंने जनपद पंचायत स्तर पर कामों की समीक्षा कर जानकारी अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विधानसभावार विधायक निधि योजना के अंतर्गत स्वीकृत, पूर्ण, प्रगतिरत और अप्रारंभ कामों की समीक्षा की है।

# उल्टी दस्त का कहर, केशरपुर के बाद सामुनढ़ाप और कंचनपुर में भी डायरिया ने पैर पसारा

## कलेक्टर ने किया प्रभावित गांवो का दौरा ए दिये जरूरी निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

पिथौरा, विकासखण्ड के दूरस्थ ग्रामो में डायरिया के प्रकोप को देखते हुए कलेक्टर द्वारा स्वयम प्रभावित ग्राम पंचायत बम्हनी के आश्रित ग्राम केशरपुर मे डायरिया के प्रकोप से पीड़ित मरीजों से मिलने पहुंचे। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम केशरपुर मे 60 से अधिक ग्रामीण डायरिया से ग्रस्त हुए है। अधिकांश मरीजो का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा मे हो रहा है । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे भर्ती मरीजों के इलाज की जानकारी कलेक्टर कलेक्टर द्वारा ली गयी एवम स्वास्थ्य अमले को इस पर लगातार निगाह बनाये रखने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा प्रभावित स्थल केशरपुर का भी निरीक्षण किया और स्थानीय ग्रामीणों से चर्चा कर उनको मौसमी बीमारियों के दुष्प्रभाव को लेकर भी अलर्ट किया। इसके बाद ग्राम केशरपुर के अतिरिक्त ग्राम सागुनढाप और ग्राम कंचनपुर में भी डायरिया के प्रकोप की जानकारी मिलने पर कलेक्टर उक्त दोनो ग्राम भी पहुंचे और स्वास्थ्य कैंप का निरीक्षण किया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को अभियान चलाकर प्रभावित ग्राम सहित निकट के सभी ग्रामो में पानी की जांच कर पानी का आवश्यक उपचार करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके अलावा कलेक्टर द्वारा पिथौरा स्थित अनुसूचित जाति कन्या आश्रम पहुंचकर निरीक्षण किया गया। बच्चों की सुरक्षा का ध्यान रखने का विशेष निर्देश अधिक्षिका को दिया गया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राकेश कुमार गोलछा, तहसीलदार लीलाधर कंवर, नायब तहसीलदार द्वय देवेंद्र नेताम, उमेश लहरी, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ तारा अग्रवाल सहित विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।



### डायरिया से 2 मौत की चर्चा

दूसरी ओर डायरिया प्रभावित क्षेत्र में एक 37 वर्षीय महिला एवम 4 साल की मासूम की मौत होने की चर्चा आम है। बताया जाता है कि डायरिया से प्रभावित कुछ मरीज प्रशासन की लगातार समझाइस के बाद भी क्षेत्र के झोला छाप डॉक्टरों से उपचार करवा रहे गया। ग्रामीणों के अनुसार इन्ही झोला छाप डॉक्टरों के उपचार की वजह से उक्त मौतें हुई है। चूंकि दोनों ही मौतों में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्र में सूचना के बगैर ही अंतिम संस्कार कर दियाए लिहाजा प्रशासन इन मौतों की पुष्टि नहीं कर पा रहा है।

### जिले भर में झोला डॉक्टरों की बाढ़

मिली जानकारी के अनुसार जिले में झोला छाप डॉक्टरों की बाढ़ सी आ गयी है। डॉक्टर बनने वालो में कुछ लोग तो शासकीय सेवक भी है जिन्हें मेडिकल साइंस से कोई लेना देना नहीं है परन्तु वे घर घर जाकर लोगों की कुशलक्षेम पूछ कर बकायदा इंजेक्शन लगा कर उपचार कर रहे है। इसके अलावा कुछ कस्बाई क्षेत्र में तो झोला डॉक्टरों द्वारा बकायदा नर्सिंग होम संचालित किया जा रहा है। बताया जाता है कि ये किसी डिग्री धारी डॉक्टर के नाम से नर्सिंग होम का संचालन कर स्वयम उपचार कर आम लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे है। इन झोला छाप डॉक्टरों ने आम लोगों के मन मे ऐसी छाप छोड़ कर ब्रेन वाश किया है कि इनके मरीज सरकारी अस्पताल से नफ रत करने लगे है।लिहाजा ये झोला छाप डॉक्टरों को अपनी गाढ़ी कमाई का एक बड़ा हिस्सा कुर्बान कर अपने ही स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने लगे है। दूसरी ओर प्रशासन भी इस तरह के डॉक्टरों पर कार्यवाही के नाम और किसी ठोस कार्यवाही करने की बजाय मात्र खानापूर्ति ही करता दिखाई देता है।

---

एक नजर

## अनिश्चितकालीन हड़ताल का दूसरा दिन



**कोंडागांव** -छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष संजय शर्मा के सफल नेतृत्व में केंद्र के समान 34 प्रतिशत महगाई भत्ता व सातवे वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ता देय तिथि से दिए जाने के लिए अनिश्चितकालीन आंदोलन के दूसरे दिन जिले सभी विकास खंड मुख्यालय में मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया । जिला कोंडागांव के विकास नगर स्टेडियम में सैकड़ों की संख्या में शिक्षकों ने शासन के प्रति अपने आक्रोश को प्रदर्शित किया । प्रदेश के इतिहास में यह पहला अवसर हैं, जब कर्मचारियों को अपने हक महगाई भत्ते के लिए आंदोलन करना पड़ रहा है । प्रदेश के साथ-साथ जिले भर में इस आंदोलन का जबरदस्त प्रभाव पड़ा है। स्कुल व कार्यालय पूरी तरह बंद है। सरकारी कामकाज पूरी तरह ठप्प हैं । छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह ने सभी शिक्षकों से अनुरोध किया कि अधिक से अधिक संख्या में अपनी सहभागिता मंच में आकर देवे । उन्होंने कहा संघटन की ताकत बहुत होती हैं । हमें अपनी एकजुटता का प्रदर्शन निरन्तर देना है, जिससे शासन पर दबाव बनाया जा सके ।सरकार बार बार कह रही है कि कोरोना काल की बेहद विषम परिस्थितियों में भी वित्तीय हालत ठीक न होने पर भी हमने कर्मचारियों का एक दिन का भी वेतन नही काटा । पर यही सरकार कोरोना काल से अब तक दो दो बार माननीय विधायक एवं मंत्रियों का वेतन बढ़ा चुकी हैं । वेतन बढ़ाने से हमें कोई परेशानी नही है, पर सरकार कम से कम कर्मचारियों के हक का महगाई भत्ता जरूर देवे। जिला सचिव संजय राठौर ने संघटन के महत्त्व पर प्रकाश डाला और कहा कि भविष्य में भी हमे अपनी समस्याओं को लेकर सजग रहने की जरूरत है । यहा संघटन की एक जुटता की महती भूमिका होगी। कर्मठ शिक्षक नेता यादवेंद्र सिंह यादव ने संविलियन के बाद शिक्षको को आगे हो रही परेशानी को लेकर अपनी बात रखी । उन्होंने शिक्षा कर्मी आंदोलन से लेकर वर्तमान की परिस्थितियों की तुलना कर सबको सजग किया।

---

## जीवन शैली के बदलाव से हम अपने हृदय की सुरक्षा कर सकते हैं : डॉ. चंदन शुक्ला

**कोरबा** । जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज कोरबा के द्वारा चेम्बर भवन में आयोजित विशाल नि:शुल्क हृदय सुरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें रायपुर के साओल हार्ट सेंटर से पधारे डॉ. चंदन शुक्ला ने इस सेमिनार को संबोधित किया।

चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज कोरबा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत से की गई। जिसमें चेम्बर भवन में शुगर व बी.पी. की नि:शुल्क जॉंच कराई गई। जिसमें लगभग 195 आमजनों की जॉंच की गई। इसके साथ ही डॉ. चंदन शुक्ला ने हृदय रोग के सम्बंध में जानकारी देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि हृदय रोग से हम कैसे बच सकते हैं। वर्तमान में हृदय रोग की समस्या भारत में सबसे ज्यादा है। यहॉं हर 10 सेकेण्ड में कोई न कोई हृदयघात के मामले सामने आते हैं। इससे बचाव बहुत जरूरी है। हम अपनी जीवनशैली में बदलाव कर इस समस्या से लोगों की जान बचा सकते हैं। जीवन में उम्र के साथ-साथ रक्त नलिकाओं में अवरोध की समस्या आने लगती है व बढ़ने लगती है।

हम अपनी जीवनशैली व खानपान में कुछ बदलाव करते हुए हृदय रोग की समस्या को दूर रख सकते हैं। इसके साथ ही धूम्रपान, नॉन-वेज से कोलेस्ट्राल बढ़ता है। हमें अपने भोजन में एण्टी आक्सीडेंट की चीजें ज्यादा लेनी चाहिए। चर्बी सम्बंधी खाद्यपदार्थ को कम उपयोग करना चाहिए। इसके साथ ही सभी को स्वस्थ रखने के लिए योग या प्राणायाम के साथ-साथ पैदल चलना भी करना चाहिए। जिससे रक्त कोशिकाओं में रक्त संचार बढ़ता है।

---

## उल्टी दस्त से पीड़ित महिला की उपचार से पहले मौत

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले में उल्टी दस्त से एक महिला की मौत हो गई है। यह घटना कंचनपुर का है। महिला को इलाज के लिए चिकित्सालय ले जा रहे थे। लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर लिया है। बता दें जिले में डायरिया के केस बढ़ रहे हैं। ग्रामीण अंचलों में टंकियों की सफाई नहीं होने के कारण ऐसी स्थिति बन रही है। ग्रामीण इलाकों में सोलर डुअल सिस्टम टैंक सहित अन्य टंकियां लगाई गई हैए उसे बोर के पानी से भरा जाता है। नियमित सफाई नहीं होने के कारण पानी दूषित हो गया है। बसना के केशरपुर व बम्हनी व कंचनपुर में टंकी का गंदा पानी पीकर शनिवार को 48 ग्रामीण बीमार हो गए हैं। सभी का इलाज अलग-अलग स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। बीएमओ तारा अग्रवाल ने बताया कि स्थित में सुधार आ गया और कई को छुट्टी भी दी गई है। बताया कंचनपुर में भी केसरपुर से पानी की सप्लाई उसी टंकी से हो हुई थी। इसलिए वहां के 10 ग्रामीण भी बीमार हुए। वहीं एक महिला की बसना में मौत हो गई है।

### विभाग का दाता शहर और गामीण अंचलों में लगातार की जाती है टेस्टिंग

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की लापरवाही के चलते ग्रामीणों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। विभाग के ईई शंकर धकाते का कहना है कि शहर श्सहित ग्रामीण अंचलों में पानी की टेस्टिंग लगातार की जा रही है। इसके लिए एनजीओ, गांव की समिति सहित विभाग के कर्मचारी को बारिश के पहले जांच करती है। उसके बाद बारिश सीजन समाप्त होने तक ये लोग पानी की टेस्टिंग करते हैं।

### टंकी से लिया गया सैंपल, डॉक्टर लोगों को पानी उबाल कर पीने दे रहे सलाह

शहरी सहित ग्रामीण इलाकों में बारिश के समय डायरिया का प्रकोप बढ़ जाता है। इसे देखते हुए चिकित्सक उबाल कर पानी पीने व गर्म भोजन का सेवन करने की अपील करते हैं। बारिश के दिनों में टंकियों की सफाई हर महीने होनी चाहिए। नहीं होने के कारण डायरिया का प्रकोप बढ़ता है। बीएमओ तारा अग्रवाल ने बताया कि कंचनपुर व केसरपुर के पानी कासैंपल लिया गया है। उसे जांच के लिए भेजा है। केशरपुर व कंचनपुर में दो दिन में मिले 71 मरीज बता दें कि केशरपुर व कंचनपुर में लगातार डायरिया के मरीज बढ़ते जा रहे हैं। शनिवार को दोनों जगह मिलाकर 48 लोग डायरिया के शिकार हुए। रविवार को यह संख्या बढ़कर केशरपुर में 61 हो गई है, वहीं कंचनपुर में 10 है। कंचनपुर की रहने वाली प्रिया पटेल पति दौलत ;37 भी डायरिया की शिकार हुई थी। उसकी हालत को देखते हुए परिजनों ने बसना सरकारी अस्पताल ले गए। लेकिन वह अस्पताल पहुंच पाती इससे पहले ही रास्ते में दम तोड़ दिया। बीएमओ ने बताया कि केशरपुर व कंचनपुर में मरीजों का इलाज हो रहा है। सभी की स्थिति ठीक है। गांव में ही इलाज चल रहा है। हालांकि मरीज बढ़ रहे है, लेकिन कंट्रोल में है। बता दें कि पिथौरा सीएचसी में मरीजों की संख्या इतनी हो गई है कि जगह कम पड़ रही है। बरामदे में स्ट्रेचर पर मरीजों का इलाज हो रहा है।

---

## गायत्री मंदिर में जिला संयोजिका दीपमाला वैष्णव के नेतृत्व में किया गया रुद्रामहाभिषेक





**कोंण्डागांव।** गायत्री शक्तिपीठ महिला प्रकोष्ठ के जिला संयोजिका श्रीमती दीपमाला वैष्णव के नेतृत्व में गायत्री शक्तिपीठ कोंडागांव में सावन के द्वितीय सोमवार को गायत्री परिवार के महिला मंडल द्वारा रुद्राभिषेक किया गया। शिवो भूत्वा शिवं यजेत अर्थात शिव बनकर शिव की पूजा करें । तभी उनकी कृपा प्राप्त हो सकती है । यह भाव को सभी साधक हृदयांगम करके रुद्राभिषेक किए ।ताकि उसका आश्चर्यजनक परिणाम आशीर्वाद स्वरूप प्राप्त हो। शिव का अर्थ है- शुभ और शंकर का अर्थ है- कल्याण करने वाला ।शुभ और कल्याणकारी चिंतन, चरित्र एवं आकांक्षाएं बनाना ही शिव आराधना की तैयारी अथवा शिव सानिध्य का लाभ है। शिवलिंग का अर्थ है- शुभ प्रतीक चिन्ह बीज। शिव अपने लिए कठोर है ।तथा दूसरों के लिए उदार ।यह अध्यात्मा साधकों के लिए आदर्श सूत्र है। स्वयं न्यूनतम साधनों में भी मस्त रहना शिवत्व का प्रामाणिक सूत्र है ।महाभिषेक के पश्चात श्री रुद्राष्टकम , श्री शिव तांडव श्रोतम का पाठ किया गया । इस अवसर पर गायत्री परिवार के माताओं द्वारा विश्वकल्याण के लिए सभी के लिए शुभकामनाएं एवम उज्जवल भविष्य की प्रार्थना की गई ।रुद्राभिषेक में श्रीमती दीपमाला वैष्णव जिला संयोजिका महिला प्रकोष्ठ, ब्लॉक संयोजिका श्रीमती कौशल्या नेताम, श्रीमती सुमन पटेल ,श्रीमती सुशीला देवांगन एवं महिला मंडल की समस्त बहने उपस्थित रही। रुद्राभिषेक परिव्राजक लेखन राम कोर्राम द्वारा संपन्न कराया गया।

---

## द्वादश ज्योतिर्लिंगों का महारुद्राभिषेक किया गया

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।

सरस्वती शिशु मंदिर अकलतरा में सर्व जन हिताय, सर्वजन सुखाय, लोक मंगल की कामना से श्रावण मास के दूसरे सोमवार को द्वादश ज्योतिर्लिंगों का महारुद्राभिषेक पंडित राजेन्द्र शर्मा एवं पंडित देवकृष्ण शर्मा जी के आचार्यत्व में किया गया,जिसमें अकलतरा नगर के गणमान्य नागरिक,अभिभावक गण, सामाजिक कार्यकर्ताओं के 72 यजमान जोड़ी पूरे भक्तिभाव के साथ सम्मिलित हुए। संगीतमय वैदिक मंत्रों के साथ सम्पन्न हुए रुद्राभिषेक में सम्मिलित सभी भैया बहन,अभिभावक,नागरिक देवादि देव् भगवान भोलेनाथ की भक्ति में सराबोर होकर आनन्द की अनुभूति किये। इस कार्यक्रम में लक्ष्मण मुकीम,रमेन्द्र सिंह चौहान,श्रीमती शांति भारते अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अकलतरा,पार्षद गण राजन केडिया,गोवर्धन साहू,संगीता सिंह,सहित उमाकांत भारते, कमल केडिया,सौरभ सिंह,पिंटू बरेठ, अनूप पांडेय प्रांतीय संयोजक सक्षम,अनिरुध्द तिवारी सेवानिवृत प्रधानाचार्य,किशन लाल श्रीवास प्राचार्य यदुनंदन नगर,गायत्री परिवार से देवी प्रसाद साहू,महेश्वर कश्यप,कमल किशोर कश्यप,पूर्व सरपंच किरारी कश्यप,मूलचंद लिखमनिया,सत्यनारायण लिखमनिया ,मदन ताम्रकार,हेमलाल ताम्रकार व्यवस्थापक जयरामनगर,कैलाश ताम्रकार,राजकुमार चंन्देल तथा मुख्य यजमान बलराज सिंह,अशोक मनक्सा, शिवचरण साहू,गोपेश तुलस्यान,सुनील लिखमनिया,सुनील खंडेलिया,राज शर्मा,लखन लाल भुवने,समीर अग्रवाल,प्रितेश नर्मदा,ओमप्रकाश साहू,रतन अग्रवाल,देवी सिंह ,सतीश यादव, सत्यनारायण साहू,सहित 72 यजमान जोड़ी सहभागी हुए। शिव पार्वती व भारत माता की जीवंत झांकी बनाया गया था। दूध,घी,शहद,अष्टगंध,भांग,बेलपत्र,शमी पत्र,कमल पुष्प,चंदन,कुमकुम,गुलाल के द्वारा अभिषेक किया गया। आयोजन की सराहना करते हुए लक्ष्मण मुकीम जी ने कहा कि हिन्दू सनातन धर्म है,प्रत्येक हिन्दू को हिन्दू होने का गर्व होना चाहिए और अपनी परंपरानुसार अपने धार्मिक कार्यों को पूरे मनोयोग से करना चाहिए,कला,चित्रकारी या किसी भी नाम से हमारे आराध्य देवी देवताओं या मान्यताओं की कोई मजाक न बना सके इसका ध्यान हम सबको रखना चाहिए।



विद्यालय के अध्यक्ष बिहारी लाल ताम्रकार ने आचार्यों का पुष्पहार,मंगल तिलक,श्रीफल भेंटकर स्वागत किया। विद्यालय के कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू व सहव्यवस्थापक गोपेश तुलस्यान ने आचार्यों को वस्त्र भेंटकर सम्मान किया।सभी यजमान जोड़ियों को माला व श्रीफल प्रसाद देकर आचार्यों द्वारा आशीर्वाद दिया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में सरस्वती शिशु मंदिर अकलतरा के विद्यार्थी भैया बहनों, आचार्यों,कर्मचारियों ने सक्रिय योगदान दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिए लोगों का,यजमानों का,आचार्य पंडित राजेन्द्र शर्मा व देवकृष्ण शर्मा का,संगीत के कलाकारों का विद्यालय परिवार के पदाधिकारी,सदस्य,कार्यकर्ताओं का आभार अध्यक्ष बिहारी लाल ताम्रकार ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के प्राचार्य केशव कुमार कौशिक ने किया। कार्यक्रम के अंत में शिव जी व भारत माता की आरती किया गया। भोलेनाथ जी की कृपा सब पर बनी रहे सभी स्वस्थ,सुखी,प्रगतिशील रहें ऐसी लोक मंगल की कामना के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

---

## फिंगर प्रिंट स्कैन नहीं होने से परेशान थीं 83 साल की बुजुर्ग, कलेक्टर बोले आप निश्चिंत होकर घर जाएं

**दुर्ग** । भिलाई की 83 वर्षीय बदरूनिशा अंत्योदय परिवार के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली खाद्यान्न सहायता योजना का लाभ ले रही थीं। वृद्धावस्था की वजह से उनकी उंगलियां घिस गईं। दुकान में थम्ब इम्प्रेशन देने गई तो दुकानदार ने कहा यह तो मैच नहीं हो रहा है। बदरूनिशा परेशान हो गईं, फिर उनको मोहल्ले में किसी ने कलेक्टर जनदर्शन की जानकारी दी और बुजुर्ग को वहां अपना आवेदन प्रस्तुत करने के लिए कहा। बदरूनिशा बड़ी आशा के साथ धीमी चाल से आज कलेक्ट्रेट के सभागार कक्ष पहुंची। जनदर्शन में बुजुर्ग महिला को धीमे-धीमे आता देखकर कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने अमले से उन्हें सहारा देकर लाने और बिठाने के निर्देश दिए। फिर उनसे समस्या पूछी। कलेक्टर ने समस्या जानते ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि इनकी समस्या 24 घंटे के भीतर ठीक की जाए और इसकी सूचना दें। कलेक्टर ने बुजुर्ग महिला को कहा, आप आश्वस्त रहें, आपको अब इसके लिए किसी तरह की परेशानी नहीं होगी।

---

## जीवन शैली के बदलाव से हम अपने हृदय की सुरक्षा कर सकते हैं-डॉ. चंदन शुक्ला

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज कोरबा के द्वारा चेम्बर भवन में आयोजित विशाल नि:शुल्क हृदय सुरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें रायपुर के साओल हार्ट सेंटर से पधारे डॉ. चंदन शुक्ला ने इस सेमिनार को संबोधित किया। चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज कोरबा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत से की गई। जिसमें चेम्बर भवन में शुगर व बीपी की नि:शुल्क जॉंच कराई गई। जिसमें लगभग 195 आमजनों की जांच की गई। इसके साथ ही डॉ. चंदन शुक्ला ने हृदय रोग के सम्बंध में जानकारी देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि हृदय रोग से हम कैसे बच सकते हैं। वर्तमान में हृदय रोग की समस्या भारत में सबसे ज्यादा है। यहां हर 10 सेकेण्ड में कोई न कोई हृदयघात के मामले सामने आते हैं। इससे बचाव बहुत जरूरी है। हम अपनी जीवनशैली में बदलाव कर इस समस्या से लोगों की जान बचा सकते हैं। जीवन में उम्र के साथ-साथ रक्त नलिकाओं में अवरोध की समस्या आने लगती है व बढ़ने लगती है। हम अपनी जीवनशैली व खानपान में कुछ बदलाव करते हुए हृदय रोग की समस्या को दूर रख सकते हैं। इसके साथ ही धूम्रपान, नॉनवेज से कोलेस्ट्राल बढ़ता है। हमें अपने भोजन में एण्टी आक्सीडेंट की चीजें ज्यादा लेनी चाहिए। चर्बी सम्बंधी खाद्यपदार्थ को कम उपयोग करना चाहिए। इसके साथ ही सभी को स्वस्थ रखने के लिए योग या प्राणायाम के साथ.साथ पैदल चलना भी करना चाहिए। जिससे रक्त कोशिकाओं में रक्त संचार बढ़ता है।

इसके साथ ही वर्तमान समय में मेडिकल साइंस ने जहॉं नये-नये आविष्कार किये हैं। जिससे हृदय रोगों से सम्बंधित समस्याओं की जटिलता को आसानी से समझा जा सकता है। वर्तमान समय में शरीर को बिना किसी नुकसान पहुंचा भी इस समस्या के उपचार की सुविधाएं भी उपलब्ध होने लगी हैं।

जिला चेम्बर ऑफकॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज कोरबा के अध्यक्ष योगेश जैन के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि चेम्बर ऑफ कॉमर्स के द्वारा स्वास्थ्य संबंधित शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें व्यापारियों के द्वारा स्वास्थ्य से सम्बंधित जानकारियां हासिल की। इस अवसर पर चैम्बर के पदाधिकारी विनोद अग्रवाल, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, नरेन्द्र अग्रवाल, जगदीश सोनी, राकेश अग्रवाल, शिवशंकर अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, मुकेश गोयल, सत्येन्द्र पूरी व कृष्ण कुमार अग्रवाल, पवन अग्रवाल, गौरीशंकर गुप्ता, संजीव शर्माए और व्यापारीगण उपस्थित थे।

---

## सावन मास के अंतिम रविवार को अंबेटिकरा से निकलेगी कांवड़ यात्रा

### सोमवार को किलकिलेश्वर धाम में करेंगे जलाभिषेक

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

सावन मास लगते ही शिवालयों में शिवभक्तों का तांता लग जाता है। शिवभक्त दूर दूर से कांवड़ यात्रा कर शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं। वैसे तो वर्ष भर शिवालयों में पूजा अर्चना होती है। लेकिन सावन में जलाभिषेक करने का विशेष महत्व बताया जाता है। इस वर्ष इसका महत्व इसलिए और बढ़ गया है क्योंकि कोविड की वजह से दो वर्ष यह आयोजन नहीं हो सका था। धरमजयगढ़ के अंबेटिकरा मंदिर से भी शिवभक्त कांवड़ यात्रा कर किलकिला किलकिलेश्वर धाम, में समापन करते हैं। विगत दो तीन दशकों से अंबेटिकरा की पावन धरा पर कल कल बहती मांड नदी की जल धारण कर शिवभक्त लंबी दूरी तय कर किलकिला शिव मंदिर में जलाभिषेक करते हैं। जो सावन के अंतिम रविवार यात्रा प्रारंभ होती है और सोमवार को सुबह किलकिला में सम्पन्न होती है। हजारों की संख्या में शिवभक्त इस कांवड़ यात्रा में शामिल होते हैं। जिसमें पुरुषों के अलावा बच्चे एवं महिलाएं भी पैदल यात्रा करती हैं। इस वर्ष भी सावन की अंतिम रविवार 7 अगस्त 2022 को अंबेटिकरा से कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। बाहर से आने वाले भक्तों के लिए शनिवार रात को भी अंबेटिकरा में भोजन और रूकने की व्यवस्था रहती है। बता दें कि यात्रा में अनेक स्थानों पर दानदाताओ द्वारा स्वल्पाहार एवं भंडारे का आयोजन किया जाता है।

**जगह-जगह पूर्ववत स्वल्पाहार एवं भंडारे की रहेगी व्यवस्था**

# गेवरा स्टेशन से यात्री ट्रेनें चलाने की मांग

## माकपा ने 3 घंटे तक किया मालगाड़ियों का चक्का जाम, रेल प्रशासन ने मांगा 15 दिनों का समय






जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

गेवरा स्टेशन से बंद पड़ी सभी यात्री ट्रेनों को चालू करने की मांग पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा मालगाड़ियों का चक्का जाम करने के आह्वान को आज जबरदस्त जन समर्थन मिला। कुसमुंडा के व्यापारियों और ऑटो संघ ने भी इस आंदोलन का समर्थन किया। माकपा, छत्तीसगढ़ किसान सभा, सीटू और भू-विस्थापित रोजगार एकता संघ से जुड़े कार्यकर्ताओं के साथ ही आम नागरिक भी पुलिस की चौकसी को धता बताते हुए सर्वमंगला पुल पर पहुंचने में सफ ल रहे। आंदोलनकारियों द्वारा पटरियों पर धरना देने से 3 घंटे तक कोयला परिवहन पूर्ण रूप से बाधित रहा और मालगाड़ी की एक भी रेक गेवरा रोड से कोरबा के लिए नहीं निकल पाईए जिससे रेल्वे और एसईसीएल को करोड़ों का नुकसान हुआ है। रेल प्रशासन ने 15 दिनों के अंदर इस मांग पर सकारात्मक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। जिसके बाद आंदोलन को स्थगित किया गया। उल्लेखनीय है कि रेल प्रशासन गेवरा क्षेत्र से ही सबसे ज्यादा राजस्व वसूली करता हैए लेकिन यात्री ट्रेनों के नाम पर सबसे ज्यादा सौतेला व्यवहार इसी क्षेत्र से किया जाता है। कोरोना संकट के नाम पर यहां से चलने वाली सभी यात्री ट्रेनों को बंद कर दिया गया हैए जबकि कोयला परिवहन बदस्तूर जारी है। माकपा जिला सचिव प्रशांत झा ने आरोप लगाया है कि रेल प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन के बीच नागरिकों के खिलाफ एक अपवित्र गठबंधन है। वे कोयले से ज्यादा मुनाफा तो कमाना चाहते हैंए लेकिन इस क्षेत्र के नागरिक सुविधाओं को हड़पकर। माकपा और आम जनता को सरकार का यह रवैया मंजूर नहीं है। माकपा द्वारा आयोजित इस आंदोलन को लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण बताते हुए प्रशासन के दमनात्मक रवैये की भी उन्होंने तीखी निंदा की तथा कहा कि नागरिक सुविधाओं के लिए लड़ने के बजाय मुनाफाखोर एसईसीएल और रेल प्रशासन के पक्ष में कांग्रेस.भाजपा का जन विरोधी चरित्र खुलकर सामने आ गया है। माकपा द्वारा आहूत आज के आंदोलन को रोकने के लिए गेवरा स्टेशन पर बड़ी संख्या में रेलवे और राज्य सरकार की पुलिस तैनात थी। कटघोरा एसडीएम कौशल प्रसाद तेंदुलकर, दर्री सीएसपी लितेश सिंह, दीपका तहसीलदार आदि भी उपस्थित थे। इसके बावजूद आंदोलनकारी हसदेव पुल के ऊपर दोनों ओर की पटरियों पर पहुंचकर कब्जा जमाने और मालगाड़ियों का चक्का जाम करने में सफल हो गए। इससे जिला प्रशासन और रेल प्रशासन भारी दबाव में आ गया। पूरी कोशिशों के बावजूद वह आंदोलनकारियों को पटरी से नहीं हटा पाया। इसके बाद रेल प्रशासन को सकारात्मक कार्यवाही के लिए आंदोलनकारियों से 15 दिनों का समय मांगना पड़ा। माकपा नेता वी एम मनोहर ने यात्री ट्रेनें शुरू न होने की स्थिति में कोयला परिवहन ठप्प करने की चेतावनी दी है।

## नदी में डूबे युवक का एसडीआरएफ टीम ने किया रेस्क्यू

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर चांपा।





जिले के हसौद थाना अन्तर्गत आने वाले ग्राम देवरीमठ के महानदी में डूबने वाले मनोज कुमार 32 वर्षीय का एसडीआरएफ टीम बिलासपुर ने सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये एसडीआरएफ के जवान दीपक तिवारी ने अरविन्द तिवारी को बताया कि कल सुबह छह बजे मनोज महानदी में डूब गया था। जिसे जांजगीर के गोताखोरों द्वारा ढूंढ़ने का काफी प्रयास किया गया। इसके बावजूद नहीं मिलने पर अधिकारियों द्वारा एसडीआरएफ बिलासपुर की टीम को सूचना दी गई। सूचना प्राप्त होते ही टीम प्रभारी व्यास नारायण कंवर के नेतृत्व में एसडीआरएफ के जवान देर शाम घटनास्थल पहुंचे। फिर सुबह सभी लोग महानदी में लापता मनोज की खोजबीन में लगे रहे। दीपक ने आगे बताया कि लगभग आठ घंटे की अथक प्रयास के बाद डूबने के जगह से एक किलोमीटर दूरी पर सफलतापूर्वक रेस्क्यू करते हुये मनोज का शव बाहर निकाल लिया गया। इस दौरान हसौद थाना प्रभारी उपनिरीक्षक योगेष पटेल भी उपस्थित थे। वहीं रेस्क्यू टीम में व्यास नारायण कंवर टीम प्रभारी, दीपक तिवारी,भरत बंजारे, राजेन्द्र जगत, देवनारायण राठिया सुरेश आदित्य, अजय सिदार, रामलखन पटेल का सराहनीय योगदान रहा। उल्लेखनीय है कि एसडीआरएफ के इस टीम को अभी कुछ दिन पहले ही पिहरीद के राहुल रेस्क्यू अभियान के लिये भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सम्मानित किया था।

## ग्राम मुरमुरा मे पहुचा भालु

**गरियाबंद ।** वन परिक्षेत्र पाण्डुका के अंतर्गत ग्राम मुरमुरा मे भालू गांव के मुख्य सड़क में घूमते देखा जा रहा है।ये भालू लगातार रिहायसी इलाको में प्रवेश कर रहे है। वही जंगल से होकर गांव में दस्तक दे रहे है जहां ग्रामीणो में दहशत का माहौल साफ दिखाई दे रहा है।इसी तरह मंगलवार के शाम को ये भालु मुख्य सड़क पर विचरण करते दिखा जिसे शाम को मबेशी वापस लौट रहे थे उसके आगे भालु चल रहा था ।इसी तरह कुछ दिनों पूर्व ग्राम मुरमुरा के रामदयाल यादव व नेहरू ध्रुव के घर के अंदर में भालू घूस गया था परन्तु उस दरमियान घर के सदस्य खेतो में काम करने गये हुए थे,जिससे कोई बड़ी घटना नही घटी ,ये भालु घर में लगे टीने एवं लकड़ी नुमा दरवाजे को हटा कर घर के अंदर घूस गया था हालाकि किसी भी प्रकार के कोई भी दुर्घटना होने की सूचना नही मिली है। अंधाधुंध जंगल की कटाई के चलते जंगली जानवर भोजन की तलाश में रिहायसी ईलाको में प्रवेश कर रहे है जिससे ग्रामीणो मे डर व दहशत का माहौल छाया हुवा है। ग्राम मुरमुरा व धुरसा मे भालू लगातार प्रवेश कर रहा है।

## रामदास द्रौपदी फाउंडेशन ने पुसौर गुरूकुल अंग्रेजी माध्यम स्कूल में किया पौधरोपण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा पुसौर के गुरूकुल अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पौधरोपण किया गया। साथ ही साथ विद्यालय के बच्चों में पौधे भी वितरित किए गये, जिससे कि बच्चे अपने-अपने घर के प्रांगण में या घर के आसपास उन पौधों का रोपण करके उनका संरक्षण करें। इससे उन बच्चों में पौधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। क्योंकि उनकी अभिरूचि ही पर्यावरण संरक्षण के दृष्टि से महत्वपूर्ण है। जिसका कारण यह है कि यही बच्चे आनेवाले समय में, इस पृथ्वी के भविष्य निर्माता हैं और उनकी रूचि ही यह तय करेगी कि हमारा पर्यावरण के प्रति कैसा व्यवहार होना आवश्यक है। जिससे वे अपने पर्यावरण को संतुलित करने में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करेंगे। उक्त कार्यक्रम का संयोजन रामदास द्रौपदी फाउंडेशन की ओर से दयानंद अवस्थी ने की।

## शासकीय अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के साथ-साथ शिक्षक संगठनों के हड़ताल से सभी शासकीय कार्यालयों में सन्नाटा

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।



केंद्र के समान महंगाई भत्ता और गृह भाड़ा भत्ता की मांग को लेकर सोमवार को शासकीय कर्मचारी और अधिकारी फेडरेशन के साथ-साथ शिक्षक संगठनों के हड़ताल से सभी शासकीय कार्यालयों में सन्नाटा रहा। वहीं रोजमर्रा की तरह कार्योलयों में कार्य कराने के लिए लोग भी पहुंचते रहे। लेकिन अधिकारी, कर्मचारी हड़ताल की बात कर उन्हे दूसरे दिन आने को कहा। जिससे घंटों कार्यालयों का चक्कर लगाने के बाद भी लोगों काकुछ काम हो नहीं पाया। वही कुछ शासकीय कार्यालयों के दरवाजे तक भी नहीं खुल पाए। विदित हो कि छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के प्रांतीय आवाहन पर पांच दिवसीय धरना आंदोलन के दूसरे दिन विकासखंड पत्थलगांव जिला जशपुर के धरना स्थल तहसील कार्यालय में समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित होकर अपनी दो सूत्रीय मांग केंद्र के समान 34 महगाई भत्ता देय तिथि से एरियर्स सहित एवं सातवें वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ता की मांग को लेकर अपनी आवाज बुलंद किए आज के आंदोलन की शुरुआत राष्ट्रगान, एवं राज्य गीत के साथ प्रारंभ हुआ तदोपरांत समस्त अधिकारी कर्मचारी के संगठन प्रमुख द्वारा अपनी मांगों के संदर्भ में प्रांतीय निर्देशों का पालन करते हुए बारी-बारी से अपना उद्बोधन दिया। उद्बोधन केकड़ी में अरुण रवानी, अविनाश सिन्हा, शिवकुमार टंडन, भीमसेन स्वर्णकार, जूनस एक्का,नंदकुमार डनसेना, गिरीश सिंह,संतोष तांडे, संतोष जाटवर, पुष्प लता सिंह, कृष्णा मिरे, विनोद साहू, अरुण शाह, उदय राम राठिया,विवेकानंद मिरे,कुलदीप गुप्ता, के के पटेल, संतोष नायक, सुरेश बंजारे, यशवंत यादव, बेलासो तिग्गा, अपर्णा नामदेव, तुषार यादव, गुरबारु राम नेताम,सहित भारी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे आंदोलन को रसोईया संघ पूर्ण उपस्थिति के साथ समर्थन दे रहा है आंदोलन को टीचर्स एसोसिएशन संघ ने धरना स्थल पर उपस्थित होकर मांगों का समर्थन किया उक्त जानकारी फेडरेशन के संयोजक भीमसेन स्वर्णकार में दिया। मायूस होकर लौटते रहे फरियादी। कई शासकीय कार्यालय के ताले नहीं खुले। कुछ जगह ताले खुले तो वहां पर अधिकारी ही बैठे रहे। किंतु कुछ काम हो नहीं पाया परिणाम स्वरूप ग्रामीण अंचल से फरियादी काम की आस में लेकर कार्यालय पहुंचे। किंतु उन्हें मायूस लौटना पड़ा।

### एक नजर

## न्यायालय कलेक्टर रायगढ़ में 25 एवं 26 जुलाई को नियत पेशी अब होगी 23 एवं 29 अगस्त को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

न्यायालय कलेक्टर रायगढ़ द्वारा समस्त पक्षकारगण/अधिवक्ता गण को सूचित किया गया है कि जिले में समस्त अधिकारीध्कर्मचारी गण के हड़ताल पर रहने के कारण रायगढ़ न्यायालय में 25 जुलाई की नियत समस्त प्रकरणों आदेश हेतु नियत प्रकरणों को छोड़कर की सुनवाई आगामी पेशी 23 अगस्त 2022 को तथा 26 जुलाई की नियत पेशी 29 अगस्त 2022 को नियत की गई है।

## धान खरीदी का झूठा क्रेडिट ले रही भूपेश सरकार- ओपी चौधरी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



धान खरीदी में क्रेडिट लेने वाली भूपेश सरकार को आड़े हाथ लेते हुए भाजपा नेता ओपी चौधरी ने विधान सभा में सत्ता पक्ष से दी गई जानकारी के हवाले से कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल धान खरीदी पर आप क्रेडिट लेते घुम रहे हैं। छत्तीसगढ़ के किसान भाइयों को विधान सभा में आपकी सरकार द्वारा दी गई जानकारी से भी अवगत कराए। छग विधान सभा में आपकी सरकार के खाद्य मंत्री ने विधान सभा में स्वीकार किया है कि वर्ष 2019 से 2022 के दौरान राज्य की कांग्रेस सरकार ने 11 हजार 148 करोड़ रुपया का भुगतान धान खरीदी हेतु किया है, जबकि केन्द्र की मोदी सरकार ने हमारे छत्तीसगढ़ को सेंट्रल पूल में लिये चावल के बदले 51 हजार 563 करोड़ का भुगतान किया है। जो कि धान खरीदी के मुकाबले लगभग साढ़े चार गुना है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार के समय केन्द्र की मोदी सरकार ने 24 लाख मीट्रिक टन चावल का कोटा सेंट्रल पूल में दिया था और गत वर्ष छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद सेंट्रल पूल में ढाई गुना जादा 61 लाख मीट्रिक टन चावल का कोटा दिया गया है। इसका लाभ छग प्रदेश के किसानों को मिला है।

## शासकीय नि:शुल्क ऑनलाईन कोचिंग नवप्रेरणा होगी प्रारंभ

**राजनांदगांव ।** कलेक्टर डोमन सिंह के मार्गदर्शन में जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं हेतु नि:शुल्क कोचिंग की सुविधा प्रदान की जाएगी। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। शासकीय नि:शुल्क कोचिंग संस्थान का उद्देश्य प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क कोचिंग प्रदान करना है, ताकि अधिक से अधिक प्रतिभागियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से रोजगार मुहैया कराया जा सके। प्रतिभावान विद्यार्थी पीछे न रह जाये विशेष तौर पर जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये तैयार करना इस कोचिंग संस्थान का मकसद होगा। संस्थान के द्वारा प्रोत्साहन, विकास, अभिप्रेरणा द्वारा शिक्षा का एक ऐसा वातावरण तैयार करना है, जिससे विद्यार्थियों का आकर्षण देश सेवा, प्रशासनिक सेवा एवं शासकीय सेवा की ओर बढ़ेगा।


## आवश्यकता है

| | | पद |
|---|---|---|
| 1. समाचार रिपोर्टर | - | 3 |
| 2. कम्प्यूटर आपरेटर | - | 1 |
| 3. ऑफिस कार्य के लिए | - | 3 |

वेतन योग्यतानुसार

इच्छुक युवक/युवति अपना बायोडाटा के साथ संपर्क करें।

दैनिक जोहार छत्तीसगढ़

कार्यालय धरमजयगढ़

मो, 9479177711, 7489419194 ,7879121221


# अनियमित कर्मचारियों ने फेडरेशन के समर्थन में किया काम बंद

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के केंद्र के समान 34 प्रतिशत डीए एवं एचआरए की 2 सूत्रीय मांग के समर्थन में छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ 25 से 28 जुलाई 2022 तक निश्चितकालीन आंदोलन जिला ब्लाक तहसील में धरना प्रदर्शन एवं 29 जुलाई को जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन महारैली एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देने में अपनी सहभागिता प्रमुखता से निभाते हुए कलम बंद काम बंद हड़ताल में भौतिक एवं नैतिक रूप से सम्मिलित हुआ है आंदोलन के दूसरे दिन भी प्रदेश के शासकीय कार्यालयों में तालाबंदी रही नियमित कर्मचारियों के साथ अनियमित कर्मचारियों जिसमें संविदा प्लेसमेंट दैनिक वेतन भोगी जॉब दर कलेक्टर दर तथा अन्य अनियमित कर्मचारीयो की सहभागिता से समस्त शासकीय कार्यालयों में सूनापन दिखा इसी तारतम्य में संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ इकाई रायगढ़ के जिला अध्यक्ष इमरान आलम खान ने बताया कि कांग्रेस पार्टी का 10 दिन में नियमितीकरण का वादा जो साढे 3 साल में पूरा नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का वादा एक साल बाद नियमितीकरण करेंगे जो आज तक पूरा नहीं हुआ पिछले 3 साल में नियमितीकरण के लिए गठित कमेटी की रिपोर्ट पूरी नहीं हुई है पिछले 3 साल में सरकार कर्मचारियों का डाटा इकट्ठा नहीं कर पाई है पिछले तीन विधानसभा सत्र में मुख्यमंत्री द्वारा नियमितीकरण की बात स्वीकार की गई लेकिन वादा आज भी अधूरा है आउटसोर्सिंग बंद नहीं हुआ कर्मचारियों को मिलने वाला वेतन वृद्धि रोक दिया गया है। घोषणा पत्र में छटनी नहीं करने का वादा था लेकिन कई विभागों से कर दी गई है इससे अनियमित कर्मचारियों में भारी आक्रोश है वर्तमान सरकार की असंवेदनशीलता ने अनियमित कर्मचारियों को आंदोलन करने को मजबूर कर दिया है आगामी 1 सितंबर 2022 से प्रांतीय आह्वान पर समस्त अनियमित कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को तैयार है जिला अध्यक्ष इमरान खान ने फेडरेशन के इस आंदोलन को महासंघ के अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए वार्म अप बताया है।

# कलाम की पुण्यतिथि पर होगा विशिष्ट जनों का सम्मान

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी केके फिल्म्स और रायगढ़ दृष्टि के संयुक्त तत्वावधान में प्रख्यात भारतीय वैज्ञानिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर आज उनका पुण्य स्मरण किया जायेगा।

Films के.के.फिल्म्स रायगढ़ दृष्टि

इस अवसर पर उनके जीवनी पर विशेष संगोष्ठी आयोजित की जायेगी और समाजसेवा के साथ शिक्षा,स्वास्थ्य और समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शहर के विशिष्टजनों को सम्मानित किया जायेगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये रायगढ़ दृष्टि व केके फिल्म्स के डायरेक्टर कमल शर्मा ने अरविन्द तिवारी को बताया कि हमारी संस्था द्वारा देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती व पुण्यतिथि हर साल मनाई जाती है। इसके माध्यम से डॉ कलाम साहब के देश के प्रति योगदान का पुण्य स्मरण किया जाता है और शिक्षा, विज्ञान व समाजसेवा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाता है, ताकि उन्हें प्रोत्साहन मिल सके और आने वाली पीढ़ी डॉ. कलाम की जीवनी से प्रेरणा ले सके। इस कार्यक्रम के आयोजन के बारे में पूछे जाने पर शर्मा ने बताया कि जब वे स्वयं सम्मानित हुये तब से उनको भी ऐसा आयोजन करने की प्रेरणा मिली। उनका कहना है कि कई ऐसे भी लोग होते हैं जो विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करते हैं और फिर भी उन्हें सम्मान नहीं मिलता। ऐसे लोगों को सम्मानित करने का ही उन्होंने बीड़ा उठाया है और विगत सात वर्षों से वे इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित कर सबकों सम्मानित करते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि हमने अब तक विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले 175 लोगों का सम्मान किया है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी आज पंचायती धर्मशाला में डॉ. कलाम की पुण्यतिथि पर विशेष कार्यक्रम हमारी संस्था की ओर से आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत डॉ. कलाम के व्यक्तित्व व कृतित्व पर केंद्रित संगोष्ठी होगी। जिसमें वक्तागण अपना वक्तव्य देंगे। इसके अलावा समाज, स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 25 विशिष्टजनों को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो से सम्मानित किया जायेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in